जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 14 जून, 2026

आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA™ Pavitra

FIXED PRICE

## भारत का असली SOCIAL MEDIA




SILIGURI'S FINEST TEA

SUPERIOR HANDPICKED CTC BLEND

RICH & BOLD AROMA

MUST TRY :

TEA MASALA AND OTHER BLENDED SPICES

POWERFUL FLAVOUR

STRONG GOLDEN LIQUOR

EXCEPTIONAL TASTE

केडिया पवित्र टीम को अपनी दुकान में बुलाने के लिये
या अपनी नजदीकी दुकान तक केडिया पवित्र उपलब्ध करवाने के लिए
अपनी गूगल लोकेशन 90704-90704 पर WhatsApp करें या 1800-120-2727 पर कॉल करें।
हमारी टीम 24 घंटे के भीतर प्रोडक्ट्स की डिलीवरी एवं उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

अगर आप किसी भी FMCG कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के यहाँ सेल्समैन हैं
तो डायरेक्ट केडिया पवित्र में जॉब हेतु आवेदन करें:
Email ID : bdm@kediapavitra.com | Call : +91 90704-90704

ORDER ON WEBSITE | ORDER ON WHATSAPP | ORDER ON APP | ORDER ON ZEPTO

T&C Apply* MRP ₹ Incl. of all taxes

KEDIA सेजस्थान
अजमेर रोड, जयपुर

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

## यह ऐड तो सिर्फ ट्रेलर है
## असली
# BLOCKBUSTER
## तो साइट पर है

FIXED PRICE

₹4000/- Sq ft में फ्लैट | ₹5200/- Sq ft में कोठी

NO MIDDLE MEN

### हर महीने रेट बढ़ रही है

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | PRESENT RATE | 30 JUNE 2026 | 31 JULY 2026 | 31 AUG. 2026 | 30 SEPT. 2026 | 31 OCT. 2026 | 30 NOV. 2026 | 30 DEC. 2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 66 Lacs | 68 Lacs | 70 Lacs | 72 Lacs | 74 Lacs | 76 Lacs | 78 Lacs | 80 Lacs |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 76 Lacs | 78 Lacs | 80 Lacs | 82 Lacs | 84 Lacs | 86 Lacs | 88 Lacs | 90 Lacs |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 82.5 Lacs | 85 Lacs | 87.5 Lacs | 90 Lacs | 92.5 Lacs | 95 Lacs | 97.5 Lacs | 1 Cr |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.075 Cr | 1.10 Cr | 1.125 Cr | 1.15 Cr | 1.175 Cr | 1.20 Cr | 1.225 Cr | 1.25 Cr |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.29 Cr | 1.32 Cr | 1.35 Cr | 1.38 Cr | 1.41 Cr | 1.44 Cr | 1.47 Cr | 1.50 Cr |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.65 Cr | 1.70 Cr | 1.75 Cr | 1.80 Cr | 1.85 Cr | 1.90 Cr | 1.95 Cr | 2 Cr |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com
www.kedia.com
78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

संसार के दुःखियों में पहला दुःखी निर्धन है। उससे दुःखी वह है जिसे किसी का ऋण चुकाना हो। इन दोनों से अधिक दुःखी वह है, जो सदा रोगी रहता हो और सबसे दुःखी वह है, जिसकी पत्नी दुष्टा हो। –विदुरनीति

# वर्षाकाल में आयुर्वेद ऋतुचर्या

आयुर्वेद में दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, रतिचर्या, स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त, आहार, विहार आदि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा के उपयोगी और रणनीतिक उपाय हैं। पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ हमारे रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। यह अनुकूलन ही धातुसाम्य और दोषसाम्य रखता है। यही हमें रोगों से बचाता है या आयुर्वेद की भाषा में कहें तो अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है। आज की चर्चा वर्षाऋतु में स्वास्थ्य रक्षा के विविध उपायों पर केन्द्रित है, जिसके मुख्य शास्त्रीय स्त्रोत चरकसंहिता (च.सू.6.33-40), सुश्रुतसंहिता (सु.उ.64.46-55) एवं अष्टांगहृदय (अ.हृ.सू.3.42-48) हैं। ऋतुसंहार (2.1-29) में वर्षाऋतु का आँखों-देखा हाल रोचक है। स्वस्थवृत्त पर प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिक शोध, जो लगभग नगण्य है, का भी सहारा लिया गया है। आयुर्वेदाचार्यों के अनुभवजन्य ज्ञान भी यहाँ समाहित है। एक महत्वपूर्ण बात प्रारंभ में ही बताना उपयोगी रहेगा कि संहिताओं में उपलब्ध जानकारी का मूल स्त्रोत लगभग आठवीं शताब्दी ईसापूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी के मध्य का है। अतः ऋतुचर्या पर उपलब्ध कुछ सलाह या निर्देश ऐसे भी हैं जिनकी समकालीन सार्थकता को आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के सन्दर्भ में सावधानीपूर्वक समझते हुये उपयोग में लेना ठीक रहेगा।

वर्षा ऋतु आते-आते, शिशिर, बसंत एवं ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव से कमजोर हुये शरीर की अग्नि या भूख वात आदि दोषों से मंद पड़ती जाती है। प्रायः बादलों की छाया, नमी के कारण शीतल हुई हवा, मिट्टी में पानी पड़ने पर निकलने वाली शुरुआती भाप, भोजन का अम्ल विपाक होना और सतही जल में प्रदूषण बढ़ जाने से जठराग्नि मंद हो जाती है। वात कुपित होकर अन्य दोषों पर भी प्रभाव पड़ता है। इस कारण वर्षा ऋतु में आहार-विहार में बड़ी सावधानी रखना आवश्यक है। आहार-विहार ऐसा हो जिसमे मुख्यतया वात के शमन के साथ ही कफ और पित्त का शमन भी हो। जठराग्नि चूँकि मंद रहती है, अतः भोजन का अग्निवर्धक होना आवश्यक है। सूत्र रूप में कहें तो वात शमन एवं जठराग्नि को दीप्त किये बिना वर्षा ऋतु में बीमारी से बच पाना संभव नहीं है। वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में ही, अपने आयुर्वेदाचार्यो की सलाह से समुचित वमन, विरेचन, स्वेदन, मर्दन आदि से शरीर में संचित दोषों का शोधन करते हुये आस्थापन या निरूहणबस्ति का प्रयोग करना चाहिये।

खान-पान में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जब तक पहले खाया हुआ भोजन ठीक से पच न जाये, तब तक पुनः भोजन नहीं करना चाहिये। वर्षा ऋतु में आराम से पच जाने वाले खाद्य पदार्थ लेना स्वास्थ्यकर रहता है। मधुर, अम्ल एवं लवण रसों का सेवन, हलका गरम दूध, घी, पुराने जौ, गेहूं व चावल, विशेष कर साठी के चावल लेना लाभकारी होता है। मूंग की दाल का जूस, पुराना शहद, पुराने आसव व अरिष्ट, मस्तु या दही का पानी, सौवर्चल या काला नमक, सैन्धव नमक, पंचपोल (पिप्पली, पीपलामूल, चव्य, चीता, नागरमोथा) का चूर्ण वर्षा ऋतु में बहुत उपयोगी रहते हैं। जिस दिन आकाश में बादल छाये हों, उस दिन खट्टे, नमकीन व स्निग्ध खाद्य पदार्थों के साथ सूखे चने-चबैने का आनंद लिया जा सकता है। ये सब लघु होने से जल्दी पच जाते हैं। रुक्ष व उष्ण खाद्य पदार्थ, नये अन्न, बहुत ठंडा पानी आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिये। छाछ या मठा, सत्तू के घोल आदि से बचना ही श्रेयस्कर है।

**खान-पान में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जब तक पहले खाया हुआ भोजन ठीक से पच न जाये, तब तक पुनः भोजन नहीं करना चाहिये। वर्षा ऋतु में आराम से पच जाने वाले खाद्य पदार्थ लेना स्वास्थ्यकर रहता है। मधुर, अम्ल एवं लवण रसों का सेवन, हलका गरम दूध, घी, पुराने जौ, गेहूं व चावल, विशेष कर साठी के चावल लेना लाभकारी होता है। मूंग की दाल का जूस, पुराना शहद, पुराने आसव व अरिष्ट, मस्तु या दही का पानी, सौवर्चल या काला नमक, सैन्धव नमक, पंचपोल (पिप्पली, पीपलामूल, चव्य, चीता, नागरमोथा) का चूर्ण वर्षा ऋतु में बहुत उपयोगी रहते हैं। जिस दिन आकाश में बादल छाये हों, उस दिन खट्टे, नमकीन व स्निग्ध खाद्य पदार्थों के साथ सूखे चने-चबैने का आनंद लिया जा सकता है।**

वर्षा ऋतु में नदियों, तालाबों और पोखरों में सिमट सिमट कर आने वाला सतही जल अपने साथ बड़ी गन्दगी बहाकर लाता है। भारत में तीव्र आर्थिक विकास, साक्षरता दर में सुधार, और बेहतर जल स्त्रोतों की व्यापक पहुंच के बावज़ूद वर्ष 2011 की जनगणना में यह पाया गया कि 70 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में शौचालय नहीं है। स्वाभाविक है कि पूरे देश के नदी-नाले, तालाब, पोखर और यहाँ तक कि कुओं के पानी में कॉलिफोर्म बैक्टीरिया भारी संख्या में पाये जाते हैं। वर्षानादेयमुदकानाम् (च.सू. 25.39) के द्वारा चरक ने स्पष्ट किया है कि बरसात के दिनों में नदियों का जल प्रकृति से ही अहितकर होता है। देश भर के प्रदूषण नियंत्रण मंडलों के आंकड़े और वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर देश की नदियों के प्रदूषण पर प्रकाशित 2000 शोधपत्र एवं भारत के जल प्रदूषण पर 7500 शोधपत्र गवाह हैं कि महर्षि चरक तब तो सही थे ही, आज 3000 साल बाद तो उनका कथन हर ऋतु के लिये सही है। भारत में आज कोई ऐसी नदी नहीं है जो नगरीय मल-जल या औद्योगिक प्रदूषण से प्रदूषित न हो। उपचार के बिना कोई सतही जल पीने योग्य नहीं बचा है। यहाँ तक कि भारत की सबसे पूज्य और पवित्र नदी का जल भी आज समुचित उपचार के बिना पीने के पूर्णतः अयोग्य है। अतः बिल्कुल साफ़ पानी ही पीने में प्रयोग करना चाहिये। नहाने के लिये भी नदी, नालों, तालाब या पोखर के पानी का प्रयोग नहीं करना चाहिये, क्योंकि दूषित पानी में ऋतु-जन्य,परिस्थिति-जन्य एवं पर्यावरण-जन्य संक्रमणकारी और प्रदूषणकारी तत्व मिले रहते हैं। अतः स्वस्थ रहने के लिये दिनचर्या, ऋतु चर्या, स्वस्थवृत्त आदि जैसे सभी साधारण उपाय करना चाहिये।

बिना जूते पहने नंगे पैर कीचड़ या गीली मिट्टी में चलना ठीक नहीं होता। गीले कपड़े नहीं पहनना चाहिये। वस्त्रों को समय-समय पर धूप में डालते रहना चाहिये या धोकर और सुखाकर अच्छी तरह प्रेस करने के बाद पहनने चाहिये। रहने की जगह भी ऐसी हो जहाँ सीलन या वर्षा की बौछारें न पहुँचती हों। वर्षा ऋतु में दिन में नहीं सोना चाहिये। अधिक परिश्रम करना, या धूप या ओस में बहुत ज्यादा समय तक रहना भी स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। बहुत अधिक व्यायाम या सेक्स भी वर्षा ऋतु में ठीक नहीं होता, हालाँकि आत्रेय विरचित सारसंग्रह में उपवन में टहलना और नियमित व्यायाम शक्ति संचय के लिये कल्याणकारी माना गया है। वर्षाऋतु के अन्त में जब शरदऋतु आने वाली होती है तब तक शरीर में पित्त का संचय होता रहता है और शरद ऋतु के आते ही संचित पित्त कुपित होने लगता है। अतः वर्षाऋतु के अन्त में अपने आयुर्वेदाचार्य की सलाह से तिक्तघृत या महातिक्तघृत का प्रयोग लाभकारी होता है।

भारत में छह प्रमुख वेक्टर जनित रोगों का भारी प्रकोप है। इनमें मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिएसिस, जापानी एन्सेफलाइटिस और विसरल लिशमानियासिस शामिल हैं जो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बढ़ सकते हैं। वर्षा ऋतु में तापमान की अधिकता के साथ ही जल की प्रचुरता से बैक्टीरिया, वायरस, मच्छर, मक्खी आदि का प्रकोप भी बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि वर्षाऋतु में डेंगू-संक्रमित मच्छरों का प्रतिशत बढ़ जाने से आगे चलकर उनकी संक्रामकता बढ़ जाती है। साथ ही सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार, अपच, डायरिया आदि का प्रकोप भी बढ़ जाता है। ऐसी दशा में बीमार पड़ने पर प्रायः आयुर्वेद की वे औषधियां जो एन्टी-वायरल, एन्टी-बैक्टेरियल व एन्टी-इन्फेक्टिव प्रभाव वाली होती हैं उनसे शीघ्रता से लाभ मिलता है। विविध प्रकार के वायरल संक्रमण के कारण रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या में भारी कमी जानलेवा हो सकती है। अतः तुलसी, गुडूची, कालमेघ जैसे औषधीय पौधों से प्राप्त मानकीकृत औषधियाँ लाभकारी हो सकती हैं। इन प्रजातियों को घरों के आसपास उगाकर रखना और आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से चिकित्सकीय उपयोग जीवन-रक्षा में मददगार हो सकता है।

इस सब चर्चा का हमारे लिये महत्व यह है कि यदि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना है तो समुचित ऋतुचर्या का पालन करना चाहिये। इससे अनावश्यक बीमार पड़ने से होने वालीधन की बर्बादी से बचा जा सकता है। दूसरी बात यह भी है कि ऋतुचर्या के पालन का अर्थ यह नहीं है कि आयुर्वेदोक्त दिनचर्या, रात्रिचर्या, स्वस्थवृत्त या सद्वृत्त आदि से छुटकारा मिल गया। सारांशतः देखें तो वर्षाऋतु में चार बातें सम्भालना आवश्यक हैः प्रकुपित वात का शमन, मंद पड़ी जठराग्नि का प्रज्वलन, प्रदूषित जल व खाद्य सामग्री से पूर्ण बचाव, और वेक्टर-बॉर्न बीमारियों से बचाव व चिकित्सा। आचार्य चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट आदि ने हालांकि यह स्पष्ट किया है कि वर्षा ऋतु में वात का प्रकोप बढ़ता है किन्तु समकालीन वैज्ञानिक अध्ययन और अनुभवजन्य ज्ञान स्पष्ट करता है कि आज दिनचर्या, रात्रिचर्या या ऋतुचर्या गड्डमड्ड होने के साथ ही प्रज्ञापराध या असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग से मुक्त जीवन जीना दूभर हो रहा है। ऐसी स्थिति में वर्षा ऋतु में केवल वात ही नहीं, बल्कि पित्त व कफ भी ठिकाने से भड़के रहते हैं। इसलिये वर्षाकाल में शरीर को स्वस्थ रखने के लिये केवल वात-नियामक, अग्नि-उद्दीपक और संक्रमण-मुक्त जीवनशैली नहीं बल्कि आयुर्वेदाचार्यों की सलाह से त्रिदोष-नियामक आहार-विहार और रसायन ही हमारा कल्याण कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# मोदी सरकार का 12 साल का कार्यकाल : महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा आदि कानूनों की रूपरेखा


सूर्यप्रतापसिंह राजावत

कानून समाज के सभी वर्गों की मांगों, ज़रूरतों, उम्मीदों और चुनौतियों को पूरा करने और उनकी अलग-अलग प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं। यहाँ 2014 से लाए गए उन कानूनों पर एक नज़र डालने की कोशिश की गई है, जिनका मकसद भारत को एक गणतांत्रिक भारत के रूप में साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाना है।ये कानून भारत के संविधान के भाग 3 और भाग 4 में बताए गए मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं। साथ ही, इनमें भारत के सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों में दिए गए निर्देशों को भी शामिल किया गया है। कानून बनाना पहला कदम है। सही ही कहा गया है कि असली चुनौती विधायिका द्वारा पारित कानून को उसकी भावना और शब्दों के अनुसार लागू करने में है।

**1-महिला सशक्तिकरण :-** मैटर्निटी बेनिफिट (संशोधन) एक्ट, 2017: पहले 12 हफ़्ते की पेड मैटरनिटी लीव (सवैतनिक मातृत्व अवकाश) का प्रावधान था। संशोधन के बाद, 26 हफ़्ते की पेड मैटरनिटी लीव का प्रावधान है। लेकिन जिन महिलाओं के दो या उससे ज़्यादा जीवित बच्चे हैं, उनके लिए मैटरनिटी लीव 12 हफ़्ते ही रहती है।संशोधन ने मैटरनिटी बेनिफिट्स का दायरा इन तक बढ़ाया: गोद लेने वाली माँ-वह महिला जो कानूनी रूप से तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेती है। कमीशनिंग मदर- वह बायोलॉजिकल माँ जो बच्चे को जन्म देने के लिए सरोगेट मदर का इस्तेमाल करती है। बेनिफिट: बच्चा सौंपे जाने की तारीख से 12 हफ़्ते की मैटरनिटी लीव। वर्क फ्रॉम होम का प्रावधान (सेक्शन 5(5)): जहाँ काम की प्रकृति इसकी इजाज़त देती है, वहाँ एम्प्लॉयर (नियोक्ता) वर्क फ्रॉम होम की अनुमति दे सकता है; यह अवधि एम्प्लॉयर और एम्प्लॉई (कर्मचारी) के बीच आपसी सहमति से तय होगी। महत्व: मैटरनिटी लीव के बाद फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) आई। क्रेच सुविधा (सेक्शन 11ए) : 50 या उससे ज़्यादा कर्मचारियों वाले हर संस्थान को क्रेच सुविधा देनी होगी। महिला कर्मचारी को अधिकार है: हर दिन क्रेच में चार बार जाने का, जिसमें आराम का समय भी शामिल है। महत्व: बच्चों की देखभाल में मदद करता है और नौकरी जारी रखने में आसानी होती है।

**2-मुस्लिम महिलाओं को धर्मनिरपेक्ष भारत के लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता :-** मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) एक्ट, 2019। ट्रिपल तलाक को अमान्य और गैर-कानूनी घोषित किया गया (सेक्शन 3): मुस्लिम पति द्वारा अपनी पत्नी को तुरंत ट्रिपल तलाक (इंस्टेंट ट्रिपल तलाक) देना अमान्य और गैर-कानूनी होगा। असर: सिर्फ़ ट्रिपल तलाक कहने से शादी खत्म नहीं होती। आपराधिक अपराध (सेक्शन 4): तुरंत ट्रिपल तलाक देना एक आपराधिक अपराध है, जिसके लिए सज़ा हो सकती है: 3 साल तक की जेल और जुर्माना। प्रभावित मुस्लिम महिला को पाने का अधिकार है: अपने लिए गुज़ारा भत्ता और आश्रित बच्चों के लिए गुज़ारा भत्ता। इसलिए, यह एक्ट जेंडर जस्टिस (लैंगिक न्याय) को बढ़ावा देता है। यह मुस्लिम महिलाओं को मनमाने ढंग से दिए जाने वाले तलाक से बचाता है। यह सायरा बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करता है। यह समानता और सम्मान की संवैधानिक गारंटी को आगे बढ़ाता है।

**3-ई-कॉमर्स और भ्रामक विज्ञापनों से जुड़ी सेवाओं और सामानों में कमी के खिलाफ़ उपभोक्ताओं की सुरक्षा - जागो ग्राहक जागो :-**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019: इस अधिनियम का उद्देश्य है: उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना, उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए एक प्रभावी तंत्र स्थापित करना, अनुचित व्यापार प्रथाओं को नियंत्रित करना, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन बाज़ारों से उत्पन्न मुद्दों का समाधान करना, और भ्रामक विज्ञापनों व खराब उत्पादों के खिलाफ़ उपाय प्रदान करना। इसका उद्देश्य पुराने अधिनियम की कमियों को दूर करना है। नए अधिनियम की एक और विशेषता इसमें मध्यस्थता का प्रावधान है।

**4-सड़क सुरक्षा प्रबंधन- बढ़ती अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी :-**मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019: इसने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में संशोधन किया। इसके उद्देश्यों में सड़क सुरक्षा में सुधार, यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए दंड बढ़ाना, दुर्घटना पीड़ितों की सुरक्षा, लाइसेंसिंग में पारदर्शिता को बढ़ावा देना और मोटर परिवहन सेवाओं को विनियमित करना शामिल है। इस अधिनियम के तहत सज़ा के तौर पर सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनने वाली इंजीनियरिंग खामियों को दंडनीय अपराध बनाया गया है।

**5-आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई - ज़ीरो टॉलरेंस नीति : -** गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2019: समय के साथ, विशेष रूप से टाडा (आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम) और पोटा (आतंकवाद रोकथाम अधिनियम) जैसे कानूनों को रद्द करने के बाद, केंद्र सरकार अब किसी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर सकती है यदि वह आतंकवाद करता है या उसमें भाग लेता है, आतंकवादी कृत्यों की तैयारी करता है, आतंकवाद को बढ़ावा देता है, या किसी अन्य तरह से आतंकवाद में शामिल है। इस संशोधन को आंशिक रूप से इस आधार पर उचित ठहराया गया था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों जैसे अंतरराष्ट्रीय निकाय आतंकवादी-घोषणा के ऐसे ढांचे बनाए रखते हैं जिनमें व्यक्तियों को शामिल किया जाता है।

**6-वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण :-**आधार अधिनियम, 2016 भारत के निवासियों को आधार नंबर जारी करने और सरकारी सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के लक्षित वितरण को सुनिश्चित करने के लिए पहचान के साधन के रूप में आधार का उपयोग करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला (2018): जस्टिस के. एस. पुट्टास्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में,एक संविधान पीठ ने महत्वपूर्ण सीमाओं के अधीन आधार अधिनियम की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। धारा 7 के तहत कल्याणकारी लाभों के लिए आधार को वैध माना गया। आधार-पैन लिंकिंग की अनुमति दी गई और लक्षित सब्सिडी वितरण के लिए आधार के इस्तेमाल की इजाज़त मिली।कोर्ट ने बैंक खातों और मोबाइल फ़ोन कनेक्शन के साथ आधार को अनिवार्य रूप से जोड़ने जैसे प्रावधानों पर रोक लगा दी।

**7-पर्सनल डेटा सुरक्षा की गारंटी के साथ डिजिटल इंडिया :-** डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 भारत का पहला व्यापक कानून है जो डिजिटल पर्सनल डेटा की प्रोसेसिंग को नियंत्रित करता है। इसका मकसद व्यक्ति के निजता के अधिकार और कानूनी उद्देश्यों के लिए पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने की ज़रूरत के बीच संतुलन बनाना है। यह कानून जस्टिस के. एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ मामले के ऐतिहासिक फ़ैसले के जवाब में लाया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निजता संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।

**8-औपनिवेशिक दौर के कानूनों से आज़ादी : -**निरसन और संशोधन अधिनियम, 2015 : इसने कानूनों की भीड़ को कम किया, भारतीय कानूनों तक पहुँच को आसान बनाया, पुराने औपनिवेशिक दौर के कानूनों को हटाया और बेकार हो चुके कानूनों को समय-समय पर रद्द करके कानूनी सुधार का सरकारी कार्यक्रम जारी रखा। इस अधिनियम ने दर्जनों केंद्रीय कानूनों को रद्द कर दिया जो: बेकार हो चुके थे, बाद के कानूनों द्वारा बदल दिए गए थे, समय बीतने के साथ खत्म हो गए थे, या पूरी तरह से लागू हो चुके थे। रद्द किए गए कई कानून औपनिवेशिक काल के थे। इसके परिणामस्वरूप, 1,500 पुराने कानूनों को रद्द कर दिया गया है।

**सूर्यप्रतापसिंह राजावत**
**अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर**

# उदयपुर जिले में ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत लोगों को मिल रही राहत

- **ग्रामीण सेवा शिविर के पहले ही दिनकिसान शंकरलाल निवासी लदानी को कृषि यंत्र खरीदने हेतु अनुदान स्वीकृत कर आर्थिक संबल प्रदान किया गया**
- **एक ही छत के नीचे पेंशन बहाली, पीपीओ वितरण और विवाह पंजीयन जैसे कार्य होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल**

**जयपुर/उदयपुर।** उदयपुर जिले में ग्रामीण सेवा शिविर-2026 अभियान के तहत पहले ही दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हुआ और उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। मावली में आयोजित शिविर में जरूरतमंद किसान शंकरलाल निवासी लदानी को कृषि यंत्र खरीदने हेतु अनुदान स्वीकृत कर आर्थिक संबल प्रदान किया गया।

शंकरलाल ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह कृषि यंत्र खरीद नहीं पा रहा था। शिविर में कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी परसराम जाट ने उन्हें कृषि यंत्र योजना की जानकारी दी और बताया कि राज्य सरकार द्वारा मल्टीक्रॉप थ्रेशर सहित विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में ही आवेदन तैयार करवा कर हाथों-हाथ स्वीकृत किया गया। एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, उपखण्ड अधिकारी रमेश सिरवी पुनाड़िया की उपस्थिति में 1 लाख 25 हजार रुपये के अनुदान का चेक प्रदान किया गया। अनुदान प्राप्त होने पर शंकरलाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

**अटकी पेंशन बहाल :-** उदयपुर जिले की ग्राम पंचायत चांदवास में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर चांदवास निवासी हरकू, राजूड़ी और सवली के लिए भी राहत लेकर आया। बायोमीट्रिक सत्यापन एवं फेस ऐप के माध्यम से बार-बार प्रयास करने के बावजूद उनका सत्यापन नहीं हो पाने से इन तीनों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन पिछले कई महीनों से बंद थी। शिविर में मामला सामने आने पर बीडीओ ने तत्परता दिखाते हुए समाधान के निर्देश दिए। तकनीकी बाधा को दूर करने के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन प्रक्रिया अपनाई गई और कुछ ही मिनटों में तीनों महिलाओं का सत्यापन सफलतापूर्वक कर उनकी रुकी हुई पेंशन बहाल कर दी गई। इसी शिविर में ग्राम पंचायत चांदवास निवासी रामा, वारकी तथा केशरी को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) सौंपे गये।

**विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र मिला :-**चांदवास निवासी उदयलाल के विवाह पंजीयन संबंधी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर उन्हें शिविर में ही विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**नक्शा की गलती की शुद्ध :-** ग्राम पंचायत चीरवा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में चीरवा निवासी खातेदार राजेश पुत्र स्व. नारायणलाल मेनारिया के नक्शा शुद्धिकरण के लिए आवेदन करने पर उपखण्ड अधिकारी मनसुख डामोर, नायब तहसीलदार रमेश कुमार राजपुरोहित ने राजस्व अभिलेखों में इंद्राज दुरुस्ती करवा कर राजेश को राहत पहुंचाई।

ग्रामीण सेवा शिविर अभियान साबित कर रहा है कि संवेदनशील प्रशासन और त्वरित निर्णय से आमजन की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही संभव है। एक ही छत के नीचे पेंशन बहाली, पीपीओ वितरण और विवाह पंजीयन जैसे कार्य होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी शिविरों के माध्यम से प्रशासन स्वयं गांव पहुंच रहा है और लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होंने इस पहल को ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत बताते हुए सरकार की संवेदनशीलता की सराहना की।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर अजमेर में प्रदर्शनी लगाई

- **प्रदर्शनी में 12 वर्षों में देश में हुए आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक तथा सामरिक विकास को प्रस्तुत किया गया है**

**अजमेर, (निसं)।** केंद्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" प्रदर्शनी का शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शनी में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश में हुए आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक तथा सामरिक विकास को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रदर्शनी देश की विकास यात्रा का सजीव चित्र प्रस्तुत करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और आज विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। इससे आमजन के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा।

देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा कि देश ने पिछले एक दशक में हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को देश की विकास गाथा को नजदीक से जानने का अवसर मिला है।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर लोकबंधु, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## राशिफल रविवार 14 जून, 2026


पंडित अनिल शर्मा

द्वितीय ज्येष्ठ मास (अधिक), कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2083, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 10:14 तक, धृति योग दिन 1:15 तक, शकुनि करण दिन 12:20 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-कर्क, शुक्र-कर्क शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज पितृकार्य अमावस्या, रोहिणी व्रत।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:19 से 9:02 तक, लाभ अमृत 9:02 से 12:27 तक, शुभ 2:10 से 3:52 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:17

### मेष

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आज घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

### वृष

आज अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। मनःस्थिति प्रसन्नचित्त रहेगी।

### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### सिंह

आज धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है।

### धनु

स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। आज खान-पान के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मकर

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आज परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 311 प्रभात जयपुर, रविवार 14 जून, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



**Twelve Hours from the Station**

When Bapji finally comes back, he "looks like Elvis Presley," long sideburns and all. Then, the practical pivot: he hears that there are "thousands of people waiting," so, he changes clothes and arrives "Rajasthani."

**Understanding Katan and Matka Silk**

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

# क्या दिसम्बर में होंगे, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव?

## चर्चा है कि चुनाव आयोग यूपी विधानसभा चुनाव निर्धारित समय फरवरी-मार्च 2027 से पहले दिसम्बर 2026- जनवरी 2027 के बीच करवा सकता है

- **सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग यूपी के चुनाव निर्धारित समय से पहले कराने पर इसलिए भी विचार कर रहा ताकि चुनाव प्रक्रिया का 2027 की जनगणना प्रक्रिया से टकराव ना हो।**
- **इन अटकलों के बीच यह भी पता चला है कि कांग्रेस और सपा ने सीट बंटवारे पर वार्ता शुरु कर दी है। दोनों पार्टियां बिहार की गलती दोहराना नहीं चाहती, जहां सीट बंटवारें में देरी से कांग्रेस व आरजेडी को भारी नुकसान हुआ था।**
- **सपा और कांग्रेस दोनों ही चुनाव पूर्व समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, कांग्रेस चाहती है, बसपा भी इस गठबंधन का हिस्सा बने, पर मायावती ने यह विचार खारिज कर दिया।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जून। इस बात की अटकलों के बीच कि चुनाव आयोग इस साल दिसंबर में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीखें निर्धारित समय से पहले घोषित कर सकता है, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सीट बंटवारे की बातचीत की प्रक्रिया तेज कर दी है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी सफल साझेदारी के आधार पर ऐसा किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में होने हैं, लेकिन इस बात की चर्चा है कि इन्हें दिसंबर 2026-जनवरी 2027 में करवाया जा सकता है, ताकि 2027 की जनगणना प्रक्रिया के साथ टकराव न हो, जिसमें प्रशासनिक संसाधनों की काफी जरूरत होती है।

दोनों पार्टियों ने पिछली बार 2017 के विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़े थे, लेकिन वह प्रयोग असफल रहा था। अब दोनों दल 2017 की गलतियों से बचने के लिए सीटों की संख्या पर अत्यधिक जोर देने के बजाय "जीतने की संभावना" पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में सफल प्रयोग के बाद, जब सपा-कांग्रेस गठबंधन ने राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से 43 सीटें जीती थीं, समाजवादी पार्टी पर दबाव है कि वह बड़ा दिल दिखाए और बड़ा भाई बनने की कोशिश न करे। सूत्रों के अनुसार, सपा फिलहाल कांग्रेस को 60-80 सीटें देने को तैयार है, जबकि कांग्रेस 80-120 सीटों की मांग कर रही है।

विशेष रूप से तृणमूल कांग्रेस को लगे जबरदस्त चुनावी झटके के बाद, उसके विभाजन की त्रासदी को देखते हुए, सपा और कांग्रेस दोनों के नेता समय से पहले चुनाव-पूर्व गठबंधन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस, बसपा नेता मायावती को भी इसमें शामिल करने की संभावना तलाश कर रही है, हालांकि बसपा प्रमुख ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

समाजवादी पार्टी के दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक (पीडीए) नारे के अनुरूप, कुछ ओबीसी और अल्पसंख्यक समूहों तक पहुंच बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

बिहार में सीट बंटवारे में देरी से हुए नुकसान को देखते हुए, सपा और कांग्रेस यूपी में बातचीत में तेजी लाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी संभावना है कि सबसे पहले सपा अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी।

# 'एयर बैग नहीं खुला, मारुति सुजुकी क्षतिपूर्ति दे'

जयपुर, 13 जून। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने एक्सीडेंट में कार के एयरबैग नहीं खुलने से हुई महिला की मौत मामले में विपक्षी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का सेवादोष व कम्पनी को जिम्मेदार मानते हुए मृतका के परिजनों को 40 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देने का निर्देश दिया है। वहीं इस राशि पर परिवाद दायर करने की तारीख

- **उपभोक्ता आयोग ने एयर बैग नहीं खुलने से हुई महिला की मौत के लिए 40 लाख रूपए मृतका के परिजनों को देने के निर्देश दिए।**

से 9 फीसदी वार्षिक ब्याज भी देने के लिए कहा है। इसकेअलावा आयोग ने कंपनी पर 1.25 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया है।

आयोग के अध्यक्ष डा.सूबेसिंह और सदस्य आशुतोष चौधरी व हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश मृतका की मां ललिता व भाई के परिवाद पर दिया। आयोग ने माना कि एक्सीडेंट के समय वाहन की सुरक्षा प्रणाली ने सही काम नहीं किया और इसके चलते एयरबैग नहीं खुले, जिससे चालक और यात्री को गंभीर शारीरिक नुकसान हुआ। यह

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# ममता बनर्जी के पुराने विश्वस्त सुदीप बंदोपाध्याय भी बागी सांसदों के साथ आए

## सुदीप बंदोपाध्याय ने दिल्ली में भूपेन्द्र यादव के घर जाकर स्पीकर को भेजे जाने वाले पत्र पर साइन किए

- **इस प्रकार बागी गुट का 20 सांसदों का कोरम पूरा हो गया है, अब बागी सांसद लोकसभा स्पीकर से अलग गुट के रूप में मान्यता प्राप्त कर सकते हैं और उन पर दलबदल विरोधी कानून का खतरा टल गया है।**
- **चर्चा है कि सुदीप बंदोपाध्याय की पत्नी, जो टीएमसी विधायक हैं, वे भी राज्य के बागी गुट में शामिल होने वाली हैं।**
- **इसी बीच अभिषेक बनर्जी के निजी सचिव सुमित रॉय को पुलिस ढूंढ रही है और उनकी तलाश में पुलिस ने अभिषेक के घर पर देर रात रेड की।**
- **टीएमसी के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि अभिषेक की सभी डील्स सुमित ही करते थे, अगर वे पुलिस के हाथ लग गए तो बहुत सारे राज फाश कर सकते हैं।**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जून। तृणमूल कांग्रेस में बगावत अब एक नए चरण में प्रवेश कर गई है। लंबे समय से ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी और विश्वासपात्र रहे सुदीप बंद्योपाध्याय अब औपचारिक रूप से बागी गुट में शामिल हो गए हैं।

सुदीप बंद्योपाध्याय ने भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव के घर जाकर लोकसभा अध्यक्ष को लिखे उस पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें बागी तृणमूल सांसदों को अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग की गई है। इससे बागी गुट के बीसवें सदस्य को लेकर चल रही अटकलों का अंत हो गया।

चर्चा है कि पूरा बागी समूह सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर अपनी अलग पहचान का दावा करेगा। बागी गुट की एकजुटता को लेकर कुछ अनिश्चितता की बातें भी चल रही थीं और यह सवाल उठ रहा था कि क्या यह समूह वास्तव में एकजुट रह पाएगा।

बहरहाल, सुदीप के शामिल होने और स्पीकर को पत्र सौंपने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद, यह दावा किया जा सकता है कि नया समूह दलबदल विरोधी कानून के दायरे में नहीं आएगा। विद्रोही समूह की संख्या अब 29 निर्वाचित सांसदों में से 20 तक पहुंच गई है।

सुदीप बंद्योपाध्याय के खुले तौर पर बागी गुट में शामिल होने से यह भी स्पष्ट

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# सोनिया गांधी मेदान्ता अस्पताल में भर्ती

## सूत्रों ने बताया, एक छोटे मैडिकल प्रोसीजर के लिए सोनिया गांधी को भर्ती किया गया है

- **पर अभी यह पता नहीं है कि यह मैडिकल प्रोसीजर किसी किस्म का है।**
- **इससे पहले मार्च में भी उन्हें सांस की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, तब सर्दी और प्रदूषण के कारण उनकी तबियत खराब हो गई थी।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जून। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें एक छोटे-से मेडिकल प्रोसीजर से गुजरना है।

अभी तक इस प्रक्रिया की प्रकृति के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

राजस्थान से राज्यसभा सांसद, 79 वर्षीय सोनिया गांधी पिछले कुछ वर्षों से कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं और दिल्ली सहित, अन्य स्थानों के अस्पतालों में कई बार उनका इलाज हो चुका है। इसी वर्ष मार्च में तबियत खराब होने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय उनके बच्चे, लोकसभा सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी अस्पताल में मौजूद थे।

इससे पहले, जनवरी में भी उन्हें सांस संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने बताया था कि उनका ब्रॉन्कियल अस्थमा थोड़ा बढ़ गया है, जिसका कारण दिल्ली की सर्दियाँ और बढ़ता वायु प्रदूषण था।

वर्ष 2025 के दौरान भी सोनिया गांधी को कम से कम तीन बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जिनमें पेट से जुड़ी समस्याएं और शिमला एवं दिल्ली में नियमित स्वास्थ्य जांच शामिल थीं।

पांच बार लोकसभा सदस्य रह चुकीं सोनिया गांधी पिछले दो दशकों से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक रही हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए हैं और पार्टी के संगठनात्मक तथा राजनीतिक मामलों में अब भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि उन्हें, शहर में बढ़ते वायु-प्रदुषण के कारण लंबे समय से खांसी की समस्या है और वे नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल आती रहती हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को 20 साल की सजा

जयपुर, 13 जून। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मनीष कुमार और अमित कुमार को दोषी ठहराते हुए, 20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। अदालत ने कहा कि

- **कपड़ों की दुकान के ट्रायल रूम का वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर अभियुक्त दुष्कर्म कर रहा था।**

अभियोजन पक्ष पीड़िता की गवाही, चिकित्सकीय साक्ष्यों और दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर आरोप साबित करने में सफल रहा है। पीठासीन अधिकारी कैलाश चंद्र अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने घटना का क्रम स्पष्ट और सुसंगत तरीके से बताया। जिरह के दौरान भी उसके बयान में कोई ऐसा विरोधाभास सामने

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# आबकारी विभाग की दो अलग शाखाओं को एक करने के फैसले पर विवाद गहराया

## हाई कोर्ट ने आबकारी विभाग की सामान्य शाखा-निरोधक दल शाखा का एकीकरण करने के आदेशों पर अंतरिम रोक लगाई

- **हाई कोर्ट में राजस्थान आबकारी सेवा संघ की ओर से दायर याचिका के अनुसार सेवा से सम्बन्धित नियमों में संशोधन किए बगैर वित्त विभाग द्वारा दिए गए आदेश से कुल 351 पदों पर प्रभाव पड़ेगा।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि वित्त विभाग द्वारा दिए गए आदेश कर्मचारियों के की पदोन्नति, कर्मचारियों की वरिष्ठता तथा कर्मचारियों के अधिकारों के सम्बन्ध में कानूनी पेचीदगियां बढ़ाता है।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 13 जून। राजस्थान हाई कोर्ट ने आबाकारी विभाग की निरोधक बल शाखा और सामान्य शाखा को एक करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई है। न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की अदालत में आदेश में यह भी कहा है कि इस प्रकरण में अग्रिम आदेश या नियमानुसार नवीन नियम बताकर आबकारी प्रवर्तन एवं निरोधक बल का गठन किए जाने तक स्थगित किया जाता है। अदालत ने मामले में राज्य सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं और मामले की अगली सुनवाई 7 जुलाई तय की है। अदालत ने यह आदेश राजस्थानी आबकारी सेवा संघ की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए हैं।

इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सारांश सैनी व विनोद कुमार शर्मा पैरवी के लिए पेश हुए थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि वित्त विभाग ने 01 जून को तीन आदेश पारित किये, जिनके तहत आबकारी विभाग की सामान्य शाखा व निरोधक शाखा का एकीकरण किया जाना था, इसके अतिरिक्त इन आदेशों के अनुसार, आबकारी आयुक्त के अधीन 8 संभाग स्तरीय अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी, आबकारी प्रवर्तन एवं निरोधक बल कार्यालय व दो राज्य स्तरीय आयुक्त प्रवर्तन कार्यालय का गठन किया गया है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि इन तीन आदेशों के अनुसार जयपुर व जोधपुर में जिला आबकारी अधिकारी का नाम परिवर्तन कर उपायुक्त आबकारी प्रवर्तन एवं निरोधक बल (विधि) कर दिया गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस परिवर्तन से आबकारी परिवर्तन एवं निरोधक बल के अन्तर्गत, 111 कनिष्ठ आबकारी अधिकारी ग्रेड-1 तथा 175 आबकारी अधिकारी ग्रेड-द्वितीय का कार्यालय बन गये हैं, जो कि आबकारी अधीनस्थ सेवा नियम 1974 व संशोधित नियम 1976 के विपरीत है।

याचिकाकर्ता ने अदालत को कहा है कि इन तीन आदेशों से नियम व कानून के विरूद्ध जाते हुए कुल 351 आबकारी परिवर्तन एवं निरोधक बल के अन्तर्गत सेवाकृत पदों पर अवैध तरीके से पदस्थापन किया गया है।

याचिकाकर्ता का आरोप है कि वित्त विभाग द्वारा 1 जून को इस सम्बन्ध में जारी आदेश न केवल नियमों के विरूद्ध हैं, बल्कि इस आदेश को अंजाम देने के लिए राज्य सरकार ने कोई अतिरिक्त नियम भी नहीं बनाए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि इन आदेशों को जारी करने के कारण सीधी भर्ती से शामिल होने वाले व्यक्ति व पदोन्नति से पदोन्नत होकर संबंधित पद

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# परीक्षा अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरु

नई दिल्ली, 13 जून। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने अपनी परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और मानकीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से 'परीक्षा कर्मयोगी: परीक्षा अधिकारियों के लिए क्षमता-निर्माण

- **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यह प्रशिक्षण विशेष रुप से नीट परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों और इनविज़िलेटर्स के लिये तैयार किया है।**

कार्यक्रम' नामक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आईजीओटी कर्मयोगी भारत मंच पर उपलब्ध कराया गया है।

एनटीए द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह प्रशिक्षण विशेष रूप से परीक्षा केन्द्र अधीक्षकों और निरीक्षकों (इनविजिलेटर्स) सहित, उन

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# एमएनआईटी, जयपुर पर हिमाचल के जिला उपभोक्ता आयोग ने हर्जाना लगाया

## कांगड़ा जिला उपभोक्ता आयोग ने एमएनआईटी को एक अभ्यर्थी की फीस लौटाने और कानूनी खर्च तथा हर्जाने के तौर पर 25,000 रूपए देने का आदेश भी दिया

- **घटना 25 फरवरी 2025 की है, जब शिकायतकर्ता अनिद्या ने कांगड़ा जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की थी कि एमएनआईटी जयपुर जहाँ उसने एमबीए में प्रवेश लिया और फीस के रूप में 94,315 रूपए भी जमा करवाए थे।**
- **लेकिन बाद में फिर आईआईटी मंडी में प्रवेश मिलने के बाद उसने एमएनआईटी में प्रवेश रद्द करने और फीस वापस करने की मांग की।**
- **लेकिन, एमएनआईटी ने कुल फीस 94,315 में से मात्र 15 हज़ार ही लौटाए, जो कि संस्था की अपनी प्रोस्पैक्टस में दिए गए नियम का उल्लंघन था, इस पर छात्रा ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत की थी।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जून। एक महत्वपूर्ण फैसले में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला उपभोक्ता आयोग ने जयपुर स्थित एक संस्थान को निर्देश दिया है कि वह उस छात्रा की पूरी फीस वापस करे, जिसने आईआईटी मंडी में सीट मिलने के बाद अपना दाखिला वापस ले लिया था।

आयोग ने छात्रा को मानसिक उत्पीड़न और मुकदमेबाजी के खर्च के लिए मुआवजा भी देने का आदेश दिया।

आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने संस्थान को 94,315 रुपये की पूरी राशि लौटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा, संस्थान को मानसिक उत्पीड़न के लिए 10,000 रुपये तथा कानूनी खर्च के लिए 15,000 रुपये भी देने होंगे।

आयोग ने अपने आदेश में जोर देकर कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान शिक्षा के केन्द्र होते हैं और उन्हें लाभ कमाने वाले व्यावसायिक संस्थानों की तरह काम नहीं करना चाहिए।

25 फरवरी 2025 को शिकायतकर्ता अनिध्या ने कांगड़ा जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के एमबीए पाठ्यक्रम (2023-25) में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। अस्थायी प्रवेश मिलने के बाद उन्होंने 26 जून 2023 को कुल 94,315 रुपये फीस जमा कर दी थी।

बाद में आईआईटी मंडी में प्रवेश मिलने पर, उन्होंने 1 अगस्त 2023 को अपना प्रवेश रद्द करने और फीस वापस करने का अनुरोध किया। यह अनुरोध शैक्षिणक सत्र शुरू होने और पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने से पहले किया गया था।

इसके बावजूद, संस्थान ने केवल 15,000 रुपये वापस किए और 79,315 रुपये अपने पास रख लिए। शिकायतकर्ता का आरोप था कि यह संस्थान की अपने प्रॉस्पेक्टस की धारा 4.7.2, तथा फीस वापसी संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनिवार्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने संस्थान पर सेवा में कमी का आरोप लगाया।

लेकिन संस्थान ने तर्क दिया कि यह संस्थान राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 2007 के तहत संचालित "राष्ट्रीय महत्व का संस्थान" है और भारत सरकार के नियंत्रण में कार्य करता है, तथा यह यूजीसी या एआईसीटीई के दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। संस्थान ने यह भी दावा किया कि शिकायतकर्ता "उपभोक्ता" की परिभाषा में नहीं आती और संस्थान उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत "सेवा प्रदाता" नहीं है।

संस्थान ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता ने 1 अगस्त 2023 को प्रवेश वापस लेने के लिए आवेदन किया

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# ले.जनरल धीरज सेठ 30 जून को सेनाध्यक्ष का पद संभालेंगे

नई दिल्ली, 13 जून। केन्द्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को देश का अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। अभी वे आर्मी स्टाफ़ के वाइस चीफ़ हैं। वे 30 जून को दोपहर से मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यभार संभालेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला

- **वे अभी आर्मी स्टाफ के वाइस चीफ हैं।**

के पूर्व छात्र हैं और दिसंबर 1986 में आर्म्ड कॉर्प्स में कमीशन हुए थे। लगभग चार दशकों के शानदार मिलिट्री करियर में उन्हें ऑपरेशनल, स्ट्रैटेजिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों में व्यापक अनुभव मिला है, जिससे भारतीय सेना की युद्धक क्षमता में बदलाव हुआ है। उन्होंने अलग-अलग ऑपरेशनल माहौल में हर स्तर पर कमान संभाली है। उनकी कमान की जिम्मेदारियों में

( शेष पृष्ठ 4 पर )

CMYK CMYK

# बीकानेर के पीबीएम में एक और प्रसूता की किडनी खराब, आईसीयू में शिफ्ट

## अब चार महिलाएं आईसीयू में हैं और दो को वेंटिलेटर पर रखा गया है

**बीकानेर,** (निसं)। पीबीएम अस्पताल में एक और प्रसूता की किडनी खराब होने के चलते आईसीयू में एडमिट किया गया है। अब कुल 4 महिलाएं आईसीयू में हैं और 2 को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

■ **डिलीवरी के बाद महिलाओं की किडनी फेल होने और गंभीर जटिलताएं सामने आने के मामले में स्वास्थ्य विभाग और विशेषज्ञ समितियां जांच कर रही हैं**

कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. परमेन्द्र सिरोही ने बताया कि 8 जून को कमला पत्नी मेघराज की डिलीवरी हुई थी, इसी के बाद से उसकी तबीयत खराब थी। महिला को आईसीयू में शिफ्ट किया है और उसके तीन डायलिसिस हो गए हैं। उसकी भी किडनी खराब होने की जानकारी है। इधर, 2 प्रसूताओं की आंखों की रोशनी जाने के मामले में कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. परमेन्द्र सिरोही ने बताया कि दोनों महिलाएं अचेत हैं ऐसे में ये कहना मुश्किल है कि दोनों को दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं मामले में वेंटिलेटर पर भर्ती प्रीति के पति कमल ने कहा कि हमें डॉक्टर ने आंखों की रोशनी जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। मंत्री आए थे वो कहकर गए हैं। डॉक्टरों की तरफ से ऐसी कोई जानकारी हमें नहीं मिली। जब यहां लाए थे तब आंखें ठीक थी। अभी रोशनी जाने की कोई जानकारी नहीं है।

जानकारी के अनुसार, आईसीयू में भर्ती श्रीरामसर निवासी शारदा की आंखों की रोशनी जाने की बात सामने आई थी। सिजेरियन डिलीवरी के बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई और अब वह मल्टी ऑर्गन फेलियर जैसी गंभीर स्थिति से जूझ रही है। शारदा को 3 जून को जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 4 जून को उसकी सिजेरियन डिलीवरी हुई, लेकिन ऑपरेशन के करीब 2 घंटे बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर 5 जून की सुबह उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया।

आईसीयू में भर्ती करने के बाद हुई जांच में शारदा के मल्टी ऑर्गन फेलियर की स्थिति सामने आई। चिकित्सकीय सूत्रों के अनुसार वह हेल्प सिंड्रोम की चपेट में आ गई है। इसी दौरान उसकी आंखों की रोशनी भी चली गई और उसे दिखाई देना बंद हो गया। स्वास्थ्य बिगड़ने के साथ उसे सांस लेने में भी परेशानी होने लगी। पहले उसे बाइपैप मशीन पर रखा गया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा।

गुरुवार को बीकानेर दौरे पर आए चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अस्पताल में चिकित्सकों के साथ बैठक के बाद जारी हेल्थ बुलेटिन में शारदा को डेंजर जोन से बाहर बताया था। हालांकि अब उसकी आंखों की रोशनी जाने और मल्टी ऑर्गन फेलियर की जानकारी सामने आने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इससे पहले सूरतगढ़ निवासी प्रीति की आंखों की रोशनी जाने की जानकारी भी सामने आ चुकी है। प्रीति फिलहाल वेंटिलेटर पर भर्ती है और उसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। दोनों महिलाओं की स्थिति को देखते हुए पीबीएम अस्पताल में प्रसूताओं की किडनी फेल होने के मामले को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

डिलीवरी के बाद महिलाओं की किडनी फेल होने और गंभीर जटिलताएं सामने आने के मामले में स्वास्थ्य विभाग और विशेषज्ञ समितियां जांच कर रही हैं। अब तक इन घटनाओं के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# पानी के विवाद में कुल्हाड़ी से हमला कर भाई की हत्या



प्रागपुरा थाना क्षेत्र में वारदात के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल पर मुआयना किया।

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेरी का बांध की ढाणी दयाराम वाली में शुक्रवार की रात करीब नौ बजे पारिवारिक विवाद की रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। मकान निर्माण के दौरान पानी के उपयोग को लेकर तीन भाइयों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, एक की मौत हो गई व अन्य तीन अन्य परिजन भी घायल हो गए। वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और तनावपूर्ण माहौल बन गया।

■ **बचाव करने पहुंचे परिजनों पर भी हमला किया, एक भाई घायल, चार आरोपी फरार**

■ **पुलिस की विशेष टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं**

प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि मृतक अशोक सिंह के पुत्र भीम सिंह की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार रात करीब नौ बजे अशोक सिंह अपने घर के पास स्थित पानी की टंकी पर पानी पी रहा था। इसी दौरान उसका भाई मुकेश सिंह, भतीजे श्याम सुंदर और संदीप सिंह तथा मुकेश की पत्नी कुसुम कंवर हाथों में कुल्हाड़ी और फरसी लेकर वहां पहुंचे और अशोक सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हथियारों के वार से गंभीर रूप से घायल अशोक सिंह जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे तीसरे भाई उम्मेद सिंह, संतोष कंवर, गुलाब, मनोज सिंह और जलदीप पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में उम्मेद सिंह सहित अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान अशोक सिंह ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर विराटनगर डीएसपी और प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि मृतक के भाई मुकेश सिंह, श्याम सुंदर, संदीप सिंह और कुसुम कंवर के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। वहीं घायल उम्मेद सिंह, गुलाब और संतोष का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस गांव में स्थिति पर नजर बनाए हुए है और मामले की जांच कर रही है।

# बूंदी मेडिकल कॉलेज में छात्रों से रैगिंग के आरोप से माहौल गरमाया

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को छात्रों से मारपीट और रैगिंग के आरोप से माहौल गरमा गया। जूनियर छात्रों ने सीनियर्स पर रैगिंग लेने और विरोध पर मारपीट तथा सोशल बॉयकाट के गंभीर आरोप लगाए। मारपीट में घायल एक छात्र जिला अस्पताल में भर्ती हैं। दो अन्य स्टूडेंट्स से भी मारपीट और अभद्र व्यवहार की बात सामने आई है। सूचना पर हिंडौली पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़ित छात्रों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग की घटना की पुष्टि नहीं की।

■ **आरोप है कि 20 से 25 छात्रों ने जूनियर से मारपीट की, बचाने आए छात्रों से हाथापाई की**

हिंडौली थाने के सहायक उप निरीक्षक मणिराज मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। प्रारंभिक जानकारी में तीन छात्रों से मारपीट की बात सामने आई है। पीड़ित छात्रों के बयान और जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। संबंधित छात्रों से भी पूछताछ करेंगे। कॉलेज प्रशासन की ओर से भी आंतरिक जांच की तैयारी है। इधर, जिला अस्पताल में भर्ती पीड़ित छात्र नीरज मीणा सवाई माधोपुर जिले के चाकरी का निवासी है और एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है। नीरज ने आरोप लगाया कि वह जब प्रथम वर्ष में आया था, तभी से कुछ सीनियर छात्र रैगिंग करने लगे। इसकी जानकारी परिजनों को भी दी, लेकिन उन्होंने पढ़ाई पर ध्यान देने और विवाद से दूर रहने की सलाह दी। नीरज का आरोप है कि समय के साथ रैगिंग की घटनाएं बढ़ती गई और सीनियर छात्र मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करने लगे।

# 85 लाख के चांदी के जेवर के साथ युवक गिरफ्तार

**मसूदा,** (निसं)। संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अजमेर राजकीय रेलवे पुलिस की जिला विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 85 लाख रुपये मूल्य के 34 किलोग्राम चांदी के जेवरात के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

■ **आरोपी के कब्जे से 34 किलोग्राम चांदी के जेवर बरामद**

पुलिस के अनुसार रेलवे स्टेशन अजमेर के प्लेटफार्म संख्या एक पर संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर ब्यावर जिले के मसूदा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम किराप निवासी मोहित कुमार रेबारी पुत्र मोडूराम रेबारी को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 34 किलोग्राम चांदी के जेवरात बरामद हुए। पुलिस ने जब आरोपी से इतनी बड़ी मात्रा में चांदी के जेवरात रखने और परिवहन करने संबंधी लाइसेंस, स्वामित्व प्रमाण, बिल, रसीद अथवा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। साथ ही वह जेवरात के संबंध में संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाया। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 34 किलोग्राम चांदी के जेवर जब्त कर लिए तथा मोहित कुमार रेबारी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# पावटा क्षेत्र में आंधी-बारिश का कहर, घरों में उपकरण जले

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा के ग्राम लाडाकाबास क्षेत्र में बीती रात आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया। ग्राम लाडाकाबास स्थित हीर की बावड़ी में एक 11 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर गया। पूरे मकान में हाईवोल्टेज करंट दौड़ने से घरेलू बिजली उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

■ **11 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से हादसा हुआ**

जानकारी के अनुसार हीर की बावड़ी निवासी ज्ञानचंद यादव के घर के पास से गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। तार सीधे घर के पास बंधी भैंस पर गिरा, जिससे वह मर गई। तार टूटने के बाद पूरे मकान में करंट फैल गया, जिसके कारण घर में लगे कूलर, पंखे सहित अन्य विद्युत उपकरण जल गए। घटना के दौरान बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी, लेकिन समय रहते परिजनों और आसपास के लोगों के सतर्क हो जाने से जनहानि टल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम सरपंच मदन यादव मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। सूचना पर पुलिस विभाग से एसआई धर्मेंद्र, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) वीरेंद्र, रोहिताश स्वामी तथा पशु चिकित्सक डॉ. नवल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। डॉ. नवल की देखरेख में मृत भैंस का पोस्टमार्टम कराया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने विद्युत लाइनों के नियमित रखरखाव की मांग करते हुए भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## लूट की वारदात का खुलासा

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के गोठडा में एक बुजुर्ग को पकड़कर बाइक सवार द्वारा चांदी के कड़े को लूटने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।

थानाधिकारी ने बताया कि गोठड़ा निवासी धुला पुत्र हकरू मीणा ने 29 मार्च 2025 को रिपोर्ट में बताया कि सुबह पांच बजे अपने भाटडा वाले खेत में दोनों बच्चों के साथ महुआ बिनने गया था। इस दौरान सुबह 10 बजे के आस पास तीन जने मोटरसाईकिल लेकर आये और मुझे पकड़ कर छुरा दिखाकर हाथ में पहना चांदी का ढोला करीब 200 ग्राम तोला निकाल दिया। बाईक लेकर चले गये।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम का गठन किया गया और टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। हुलिए के आधार पर आरोपी रामगढ़ एथाना दोवडा निवासी विनोद पुत्र बापु कनिपा को अहमदाबाद से डिटेन किया गया।

# राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू

**कोटा।** राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (एसईटी-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 जून से प्रारंभ हो गई है। राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी है। तीन वर्ष बाद आयोजित होने वाली यह परीक्षा राज्य के राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्रता का आधार बनेगी।

■ **परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी**

■ **अभ्यर्थी 15 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि परीक्षा का संभावित आयोजन 6 सितम्बर को प्रस्तावित है**

कुलगुरू प्रो.बी.पी. सारस्वत ने बताया कि अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि परीक्षा का संभावित आयोजन 6 सितम्बर को प्रस्तावित है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रहेगी। अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राजस्थान सरकार के रिक्रूटमेंट पोर्टल पर लॉगिन कर आवेदन करना होगा। फॉर्म भरने से पूर्व वन टाइम रजिस्ट्रेशन अपडेट रखना आवश्यक है। आवेदन की समस्त प्रक्रिया व जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

प्रो. सारस्वत ने बताया कि संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे। सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्गों के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी प्रोविजनल आधार पर आवेदन कर सकेंगे। सामान्य एवं ओबीसी क्रीमीलेयर वर्ग के लिए शुल्क 1500 रुपये, ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 1200 रुपये तथा एससी, एसटी एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 750 रुपये निर्धारित किया गया है। परीक्षा में कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइट एवं पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है।

## युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी विपुल को गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही सात अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

बिछीवाड़ा पुलिस सूत्रों के अनुसार यह मामला 8 मई का है। ओडा बड़ा गांव निवासी रामा डामोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा तेजाराम घर पर काम कर रहा था। तभी कुछ अज्ञात और रंजिश रखने वाले लोग उनके घर में घुस आए और तेजाराम के साथ मारपीट की। इस हमले में तेजाराम को गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल तेजाराम को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए उदयपुर रेफर किया गया। हालांकि, चोटें इतनी गंभीर थीं कि इलाज के दौरान ही उदयपुर के अस्पताल में तेजाराम ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले को हत्या की धाराओं में बदलकर जांच तेज कर दी थी।


कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि.विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर
पी.एच.ई.डी.कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी.कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार बीकानेर( 334001 )
फोन नं. 0151-2226475 ई-मेल pheddriibkn@gmail.com eediv2bik. phed@rajasthan. gov.in Latitude28.0005250 Longitude 73.3249120

क्रमांक:-1168-70 दिनांक:-11/6/26

ई-बोली संख्या 32 से 42/2026-27( संशोधन )-प्रथम

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या 32 एवं42/2026-27हेतु निम्नानुसार संशोधन जारी किया जाता है:-

| संशोधन विवरण | पूर्व लिखित | अब पढ़ा जावें |
|---|---|---|
| आवेदन/डालनलोड करने की तारीख | दिनांक 2.6.2026को सांय6.00 बजे से दिनांक11.6.2026को सायं 6.00बजे तक | दिनांक 2.6.2026को सांय6.00 बजे से दिनांक 18.6.2026को सायं 6.00बजे तक |
| ऑनलाइन बोली जमा कराने की तिथि | दिनांक11.6.2026को सायं6.00 बजे तक बजे तक | दिनांक18.6.2026को सायं6.00 |
| ऑनलाइन बोली खोलने की तिथि | दिनांक12.6.2026को सुबह10.00 बजे तक | दिनांक19.6.2026को सुबह10.00 बजे तक |

विस्तृत संशोधन com spp.rajasthan.gov.inl एवं eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य शर्ते मूल निविदा के अनुसार यथावत रहेंगी।

(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अधिकारी
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर



UNIVERSITY OF KOTA, KOTA
M.B.S. Marg, Near Kabir Circle, Kota (Rajasthan) - 324005

No.: F.( )/SET/UOK/2026/38 Date : 13.06.2026

STATE ELIGIBILITY TEST (SET) : NOTIFICATION - 01/2026

Online Applications are invited for the **Rajasthan State Eligibility Test (SET)-2026** for the eligibility of **Assistant Professor** post in the following subjects :-

| Subject Code | Name of Subject | Subject Code | Name of Subject | Subject Code | Name of Subject |
|---|---|---|---|---|---|
| 101001 | Chemical Sciences | 101013 | Law | 101025 | Rajasthani |
| 101002 | Commerce | 101014 | Life Sciences | 101026 | Sanskrit |
| 101003 | Computer Science and Applications | 101015 | Management | 101027 | Sociology |
| 101004 | Earth Sciences | 101016 | Mathematical Sciences | 101028 | Urdu |
| 101005 | Economics | 101017 | Music | 101029 | Visual Art |
| 101006 | Education | 101018 | Philosophy | 101030 | Library and Information Science |
| 101007 | English | 101019 | Physical Education | 101031 | Persian |
| 101008 | Environmental Sciences | 101020 | Physical Sciences | 101032 | Punjabi |
| 101009 | Geography | 101021 | Political Science | 101033 | Sindhi |
| 101010 | Hindi | 101022 | Population Studies* | 101034 | Statistics |
| 101011 | History | 101023 | Psychology | 101035 | Yoga |
| 101012 | Home Science | 101024 | Public Administration | | |

*The candidates with master's Degree in Geography (With specialization in population studies) are also eligible to appear in the subject **"Population Studies"**

SYLLABUS OF TEST

Syllabus may be downloaded from the UGC Website https://www.ugcnetonline.in/syllabus-new.php or **CSIR Website** or https://csirhrdg.res.in/Home/Index/1/Default/3485/78 or University Website https://www.uok.ac.in

EXAMINATION FEE

- For General/SBC/OBC (Creamy layer) of Rajasthan state and / Out of state : Rs. 1500/-
- For EWS/SBC/OBC (Non- Creamy layer) of Rajasthan state candidates : Rs. 1200/-
- For SC/ST of Rajasthan State and All the PwD Candidates : Rs. 750/-

| | |
|---|---|
| Submission of Application Form | 14 June to 15 July, 2026 |
| Date of Examination | 06 September, 2026 |
| NOTE : TEST FOR ALL SUBJECTS WILL BE CONDUCTED ON THE SAME DATE AND TIME | |

HOW TO APPLY

To fill online form, the candidates have to click on the link **SET-2026** available on the university website www.uok.ac.in or go to sso portal of https://sso.rajasthan.gov.in/signin to login.
For further details / information, please visit the University website www.uok.ac.in regularly.

Helpline No.: 7340557555, 9468668776

COORDINATOR
SET-2026
University of Kota, Kota


## भीलवाड़ा में इलाज के बहाने विधवा की जमीन हड़पी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कारोई थाना क्षेत्र में झांसा देकर बुजुर्ग महिला की संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। एक शातिर ननद और उसके परिवार ने अपनी ही बीमार, निसंतान विधवा मामी/चाची (रिश्ते में ननद) को फ्री इलाज कराने का झांसा दिया और भीलवाड़ा ले जाकर धोखे से उसकी कीमती जमीनों की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। पीड़िता की शिकायत पर अदालत के इस्तगासे के जरिए कारोई थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, बलाईखेड़ा निवासी 58 वर्षीय सोहनी पत्नी स्वर्गीय माधु बलाई बुजुर्ग व निसंतान महिला है और अक्सर बीमार रहती है। पीड़िता का कोई वारिस न होने के कारण उसकी ननद अणछी देवी और ननद का पति मदन लाल बलाई निवासी गुन्दली, बागोर अक्सर उनके घर आने-जाने लगे। आरोपियों ने सोहनी से कहा कि तुम चिंता मत करो, तुम्हारी सेवा-चाकरी और इलाज का पूरा खर्च हम उठाएंगे। पीड़िता सोहनी बलाई ने बताया कि करीब दो साल पहले मार्च 2024 में जब उनकी तबीयत ज्यादा खराब हुई, तो अणछी देवी और मदन लाल उन्हें डॉक्टर को दिखाने के बहाने भीलवाड़ा लेकर आए। वहां पहले से मौजूद डालू लाल बलाई और उदराम बलाई नामक दो व्यक्ति कुछ दस्तावेज लेकर आए। आरोपियों ने पीड़िता से कहा कि ये सरकारी कागज हैं, इन पर अंगूठा लगा दो ताकि तुम्हारा पूरा इलाज मुफ्त में हो जाए और एक रुपया भी नहीं लगेगा। आरोपियों पर अंधविश्वास करते हुए पीड़िता ने कागजों पर अंगूठा लगा दिया और आरोपियों ने एक कमरे में ले जाकर उनका फोटो भी खिंचवा लिया। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में पीड़िता ने अपनी कृषि भूमि के खाते की जमाबंदी (नकल) निकलवाई। सोहनी यह देखकर दंग रह गई कि ग्राम रायंडा में स्थित उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि अब उनके नाम पर नहीं, बल्कि उनकी ननद अणछी देवी के नाम बोल रही थी। रजिस्ट्रार कार्यालय से रजिस्ट्री की नकल निकालने पर पता चला कि आरोपियों ने फ्री इलाज के बहाने आपराधिक साजिश रचकर बिना कोई पैसा (प्रतिफल राशि) दिए जमीन अपने नाम करवा ली थी। मकान की जमीन भी बेटे के नाम करवाई, विरोध करने पर दी धमकी इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता की ग्राम रामपुरिया स्थित 1110 वर्ग फीट की आबादी (रहवासी) जमीन को भी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अणछी देवी के बेटे संतोष कुमार के नाम रजिस्टर करवा दिया, जिसमें मदन लाल और कालू बलाई गवाह बने। जब पीड़िता ने आरोपियों के घर जाकर इस जालसाजी का विरोध किया और उलाहना दिया, तो आरोपियों ने साफ कह दिया कि हमें तो तेरी जमीन फ्री में हड़पनी थी, जो हमने हड़प ली और अपने नाम करवा ली। अब तेरी जो इच्छा हो वो कर ले, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

पीड़िता ने पहले पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष भी न्याय की गुहार लगाई थी। अब न्यायालय के आदेश पर कारोई थाने में आरोपी अणछी देवी, मदन लाल, डालू लाल, उदराम, संतोष कुमार और कालू बलाई के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है।

# आरपीएससी भर्ती पोर्टल से छेड़छाड़ मामले में शिकायत दर्ज

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की सहायक खनिज अभियंता (असिस्टेंट माइनिंग इंजीनियर)-2024 भर्ती के ऑनलाइन रिक्रूटमेंट पोर्टल में कथित रूप से अवैध छेड़छाड़ कर तीन अभ्यर्थियों के आवेदन वापस (विड्रॉ) किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने सायबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सायबर थाने के उपाधीक्षक शमशेर खां ने बताया कि आयोग के उप निदेशक (आईटी) एवं एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर रघुवीर गुर्जर की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर सायबर थाने में मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी एवं सीओ शमशेर खां ने बताया कि आयोग की प्रारंभिक जांच में आवेदन विड्रॉ करने के लिए इस्तेमाल की गई ई-मेल आईडी, एसएसओ आईडी और आईपी एड्रेस की जानकारी सामने आई है। इन सभी तकनीकी तथ्यों के आधार पर विस्तृत जांच की जा रही है। आयोग की जांच में सामने आया है कि सहायक खनिज अभियंता भर्ती-2024 के तीन अभ्यर्थियों के आवेदन इसी प्रकार अवैध रूप से विड्रॉ किए गए हैं। साइबर पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पोर्टल में छेड़छाड़ किसने और कैसे की। मामले की जांच जारी है।

# महंत देवानंद हत्याकांड के दो आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। चन्द्रेसल मठ के महंत देवानंद के हत्याकांड के बहुचर्चित मामले में फरारी काट कर रहे आरोपियों को पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के पुणे क्षेत्र के ढौड रेलवे स्टेशन से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मामले में हत्यकांड की साजिश में शामिल एक महिला को भी गिरफ्तार किया है, साथ ही एक नाबालिग को विधिसंघर्षरत निरूद्ध किया गया है। मामले में सामने आया कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद महिला सहित अन्य आरोपियों ने कोटा से जयपुर और जयपुर से दिल्ली व महाराष्ट्र भाग कर फरारी काटी और महाराष्ट्र से गोवा जाने की तैयारी में थे।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बोरखेड़ा थाना इलाके के चन्द्रेसल मठ के महंत देवानंद हत्याकांड का खुलासा करते हुए पूर्व में मुख्य आरोपी मास्टरमाइंड विरोधी गुट के कथित अध्यक्ष संतोष राय व एक बदमाश पुष्पेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

मामले में अन्य आरोपी घटना के बाद से ही फरारी काट रहे थे। मामले में फरारी काट रहे आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने मामले में तत्परता से काम करते हुए आरोपियों की लोकेशन का पीछा किया, पुलिस टीम ने फरार आरोपियों का उज्जैन, इंदौर, महाराष्ट्र के सभाजी नगर, अहिल्या बाई नगर तक पीछा करते हुए टीम ने महाराष्ट्र के ढौड रेलवे स्टेशन के पास से हत्याकांड के दो आरोपियों कोटा के प्रेम नगर निवासी आदित्य वर्मा (20) और अंकित बैरवा (18) को गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपी आदित्य वर्मा की पत्नी मीकल जॉज (20) को हत्याकांड की साजिश में शामिल होने पर गिरफ्तार किया गया है एवं एक नाबालिग बालक को विधिसंघर्षरत निरूद्ध किया है।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपी महाराष्ट्र से गोवा भागने की फिराक में थे, पुलिस टीम ने आरोपियों का 2 हजार किलोमीटर तक पीछा कर समय रहते गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार व एक बालक को निरूद्ध किया जा चूका है। महिला आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है एवं पकड़े गये अन्य आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

## महाराणा प्रताप सभागार में सुरीला कारवां कार्यक्रम आज

**जयपुर।** संकल्प कल्चरल सोसायटी का लाइव ऑर्केस्ट्रा म्यूजिकल प्रोग्राम सुरीला कारवां आज शाम 6.15 बजे यहां महाराणा प्रताप सभागार में संजोया जाएगा। संस्था संस्थापक व चेयरमैन राजेश शर्मा ने बताया कि देश के मशहूर ऑर्केस्ट्रा डो-रे-मी के साथ शहर के कई नामी प्रोफेशनल्स और शौकिया सिंगर्स परफोर्मेंस देंगे।

संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जया शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद उभरते नए सिंगर को प्लेटफॉर्म देना भी है। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, डॉ. साकेत माथुर, सुमंत मुखर्जी, शिखा माथुर, विनय शर्मा, कविता आर्य, कीर्ति शर्मा, जया शर्मा, सतीश जैन, जय शर्मा, किशोर सरावगी, अनिल कुमार शर्मा, निकिता बंसल, सरिता काला, शीना माथुर, नवीन अग्रवाल, राम माहेश्वरी, हेमन्त सोनखिया, विनय डुढोरिया, अश्विनी कुमार वाधवा प्रस्तुति देंगे।

प्रोफेशनल सिंगर्स में दो पुरुष और तीन महिला तथा पन्द्रह शौकिया कलाकार संकल्प कल्चरल सोसायटी के होंगे, जो अपने मीठे तरुन्नुम से शहर के लोगों के दिलों को छुएंगे।

कार्यक्रम में मशहूर साउंड रिकॉर्डिस्ट, मेंडोलिन व गिटारिस्ट विवेक उपाध्याय को सम्मानित करेगी। म्यूजिक अरेंजर एंड डायरेक्टर सतीश पोपली ने बताया कि ऑर्केस्ट्रा डो-रे-मी के अनुभवी संगीतकारों के समूह ने कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी दमदार प्रस्तुति से अलग पहचान बनाई है।

# फूड सेफ्टी टीम ने शहर में 1300 किलो खाद्य सामग्री सीज़ की

## 450 किलो एक्सपायरी आटा और दाल मौके पर ही नष्ट करवाई

**जयपुर।** राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मानसरोवर विस्तार स्थित एक फर्म पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1300 किलो खाद्य सामग्री सीज कर दी, जबकि 450 किलो एक्सपायरी आटा और दाल मौके पर ही नष्ट करवाई गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघन पाए गए, जिसके चलते फर्म के खिलाफ नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह चारण के नेतृत्व में केंद्रीय दल तथा सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने संयुक्त रूप से गोल्यावास, गिर्राज नगर (मानसरोवर विस्तार) स्थित मैसर्स आइकर्ट पर कार्रवाई की।



आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर फूड सेफ्टी टीम ने संयुक्त रूप से गोल्यावास, गिर्राज नगर ( मानसरोवर विस्तार ) स्थित मैसर्स आइकर्ट पर कार्रवाई की।

- होटल और रेस्टोरेंट सामग्री के गोदाम में नॉन-डेयरी क्रीम और सॉस जैसी सामग्री टीनशेड में अत्यधिक तापमान के बीच बिना पैलेट के फर्श पर रखी मिली
- निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघन पाए गए, जिसके चलते फर्म के खिलाफ नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ग्रोसरी गोदाम में दाल और चावल के कट्टों पर पैकिंग तिथि अंकित नहीं मिली। यह सामग्री पिकअप वाहन में लोड कर बाजार में सप्लाई के लिए भेजी जा रही थी। टीम ने मौके से मसूर दाल और चावल के नमूने लेकर 22 कट्टों को सीज कर दिया तथा बिना आवश्यक विवरण अंकित खाद्य सामग्री की बिक्री पर रोक लगाई।

निरीक्षण के दौरान 450 किलो एक्सपायरी आटा और दाल भी मिली, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

ऑनलाइन ऑर्डर के लिए संचालित फल एवं सब्जी सेक्शन के कोल्ड रूम में कर्मचारियों द्वारा बिना शू-कवर के कार्य किया जा रहा था। यहां अत्यधिक गंदगी पाई गई और फल-सब्जियां सीधे फर्श पर रखी मिलीं। सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी।

होटल और रेस्टोरेंट सामग्री के गोदाम में नॉन-डेयरी क्रीम, मेयोनीज, केचअप और सॉस जैसी सामग्री टीनशेड में अत्यधिक तापमान के बीच बिना पैलेट के फर्श पर रखी मिली। इसे खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन मानते हुए टीम ने नॉन-डेयरी क्रीम के दो नमूने लिए और जांच रिपोर्ट आने तक 500 मिलीलीटर की 950 बोतलों वाले 24 कार्टन सीज कर दिए। कन्फेक्शनरी गोदाम में बड़ी मात्रा में बाजार से लौटाया गया एक्सपायरी खाद्य पदार्थ भी मिला। विभाग ने इसे तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल सात नमूने लिए गए हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फर्म परिसर में पाई गई विभिन्न अनियमितताओं को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया है।

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, देवेंद्र राणावत, रमेश यादव, अमित शर्मा, लोकेश शर्मा और राजेश नागर शामिल रहे।

## सार-समाचार

### बैठक में कर्मचारी मांगों पर चर्चा



**जयपुर।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन की प्रांतीय महासमिति की बैठक नगर निगम के नये भवन स्थित हॉल में सम्पन्न हुई, जिसमें कर्मचारी मांगों पर चर्चा हुई तथा 30 मई को जयपुर महाधिवेशन में निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन सिंह शेखावत व प्रदेश महामंत्री रामप्रसाद चौधरी के नाम के अनुमोदन पर मोहर लगायी गयी। महासमिति की बैठक में फैडरेशन के जिला अध्यक्ष रामगोपाल डागा व शाखा अध्यक्ष मुकेश मुरझानी ने आगन्तुक अतिथि किशोर कुमार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, रामगोपाल राजा (रामगंजमंडी) पूर्व महामंत्री, भागचन्द श्रीमाल (जयपुर) निवर्तमान अध्यक्ष, सी.पी. कटारिया (अजमेर) पूर्व प्रांतीय महामंत्री सेवा परिषद, रिछपाल सिंह चौधरी (चुरू) संयोजक, बसंत शर्मा (जयपुर) मंत्री सहित निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री का माला व साफा पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। पूर्व महामंत्री रामगोपाल राजा को आज की बैठक का अध्यक्ष बनाया गया। राजा ने फैडरेशन के इतिहास व उद्देश्यों की जानकारी दी।

### 'एससी/एसटी उद्यिमता को मिलेगा बल '



**जयपुर।** दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के संस्थापक चेयरमैन पद्मडॉ. मिलिंद कांबले के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) उद्यिमता, रोजगार सृजन एवं समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डिक्की के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य एवं देश के समग्र विकास के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों का आर्थिक सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता है कि समाज में ऐसे उद्यिमयों की संख्या बढ़े जो केवल रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। डिक्की प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष, पद्मश्री रवि कुमार नार्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव डांगी, अध्यक्ष, डिक्की राजस्थान चैप्टर, देवकीनंदन गोधा, उपाध्यक्ष, डिक्की राजस्थान चैप्टर निमेष बाबा, तथा अंकित बाबेरवाल शामिल थे।

### वाटर कूलर भेंट किया



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चरक बहिरंग विभाग में प्रेमलता शर्मा जी ने अपने पति स्व. निरंजन लाल शर्मा की स्मृति में वाटर कूलर संस्थान के आतुरों के लिये भेंट किया। इससे संस्थान के हजारों आतुरों की जल सेवा होगी। ज्ञातव्य है कि प्रेमलता शर्मा जी को श्वित्र एवं संधिवात की पीड़ा से काफी व्यथित थीं। उनको संस्थान की रोग विज्ञान इकाई द्वारा चिकित्सा से पूर्ण लाभ हुआ। अतः उन्होंने आतुरों की सेवार्थ वाटर कूलर लगाने की प्रक्रिया आज माननीय कुलपति महोदय संजीव शर्मा के द्वारा वाटर कूलर उद्घाटन फीता काटकर पूर्ण किया। इस अवसर पर रोग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार शर्मा एवं डॉ. प्रशान्त देशमुख तथा आर.एम.ओ. डॉ. अजय साहू एवं डॉ. विश्वनाथ जी की उपस्थिति रही एवं विभाग के सभी पी.जी./पीएच.डी. अध्येता, कर्मचारीगण तथा प्रेमलता शर्मा जी के परिवारजन उपस्थित रहे।

### योग काउंटडाउन कार्यक्रम आज

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे देशव्यापी योग काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 14 जून 2026 को राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर में भव्य योग काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य कल्याण इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज़ द्वारा मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा तथा उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय कुमार रोहिल्ला शामिल होंगे। कल्याण ग्रुप एवं राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस. एस. अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

# कच्छा-बनियान गिरोह की जयपुर में दस्तक

## घर में घुसने की कोशिश नाकाम

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में एक बार फिर कच्छा-बनियान गिरोह की सक्रियता ने पुलिस और आमजन की चिंता बढ़ा दी है। सांगानेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हथियारबंद छह बदमाशों ने एक मकान में घुसकर वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया, लेकिन परिवार के जाग जाने से उनकी योजना विफल हो गई और वे मौके से फरार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि सूर्य नगर, तारों की कूट स्थित प्रेम कॉलोनी में देर रात छह संदिग्ध बदमाश घूमते हुए दिखाई दिए। बदमाशों के इलाके में पहुंचते ही कुत्ते भौंकने लगे, जिस पर उन्होंने पत्थर फेंककर कुत्तों को वहां से भगा दिया। इसके बाद उन्होंने एक मकान को निशाना बनाते हुए दरवाजे और खिड़कियां खोलकर अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया।

इसी दौरान घर के भीतर सो रहे परिजनों को आहट सुनाई दी। परिवार के लोगों के जागने और शोर मचाने पर बदमाश घबराकर मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही सांगानेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## 11 चोरी की साइकिलों सहित चोर गिरफ्तार

**जयपुर ।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने साइकिल चोरी की वारदातों पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 11 साइकिल बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने साइकिल चोरी करने वाले एक शातिर चोर संतोष (42) निवासी करौली हाल सांगानेर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई कुल 11 साइकिलें बरामद की गईं। पुलिस आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी पूछताछ कर रही है। तकनीकी एवं आसूचना आधारित जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा।

# चार साल की मासूम का पड़ोसन के घर में मिला शव

- परिजनों से विवाद के चलते वारदात की आशंका
- महिला व उसका पति हिरासत में

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को चार वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। घर के बाहर खेलते-खेलते लापता हुई बच्ची का शव पड़ोस में रहने वाली महिला के घर से बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजेश कुमार गुप्ता के अनुसार हरमाडा थाना इलाके के बैनाड़ रोड स्थित श्याम वाटिका निवासी चार वर्षीय आलीना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान मिले अहम सुराग के आधार पर पुलिस का शक पड़ोस में रहने वाली एक महिला पर गया। जब पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली तो डबल बेड के बॉक्स के अंदर कंबल में लिपटा हुआ बच्ची का शव बरामद हुआ।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्ची की मौत दम घुटने से हुई है। शव मिलने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर अन्य पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक बच्ची के परिजनों और आरोपी महिला के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों के बीच अक्सर कहासुनी और झगड़े होते रहते थे। पुलिस को आशंका है कि इसी आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया, हालांकि हत्या के अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

# 'इकोनॉमिक ओवरव्यू ऑफ राजस्थान' पुस्तक का विमोचन

**जयपुर ।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने आज राजस्थान की अर्थव्यवस्था पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तक 'इकोनॉमिक ओवरव्यू ऑफ राजस्थान' का विमोचन किया। यह पुस्तक राज्य के वित्त बजट विभाग में संयुक्त सचिव श्रीकृष्ण शर्मा द्वारा लिखी गई है तथा अरिहंत पब्लिशर द्वारा प्रकाशित की गई है।



उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन किया।

राजस्थान आज तीव्र आर्थिक विकास, सुशासन, डिजिटलीकरण, हरित विकास एवं आधारभूत संरचना विस्तार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में राज्य की आर्थिक स्थिति, विकास की संभावनाओं एवं नीतिगत प्राथमिकताओं को सरल एवं तथ्यपरक रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है तथा राज्य की आर्थिक प्रगति को समझने के लिए विश्वसनीय और समग्र अध्ययन सामग्री की आवश्यकता है। यह पुस्तक राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न आयामों- कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, पर्यटन, ऊर्जा, आधारभूत संरचना, निवेश, वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक क्षेत्र तथा सतत विकास-का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

## द्रव्यवती नदी में कूदकर युवक ने दी जान

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में एक युवक ने द्रव्यवती नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक सांगा सेतु पुलिया की रेलिंग पर चढ़कर हाथ में मोबाइल लिए नदी के बीच हिस्से तक पहुंचा और वहां से नीचे कूद गया। घटना का वीडियो भी शनिवार को सामने आया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने एक युवक को द्रव्यवती नदी में छलांग लगाते देखा। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और सिविल डिफेंस को दी गई। सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और अंधेरे में टॉर्च की रोशनी के सहारे नदी में सर्च अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने युवक के शव को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जयपुरिया अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

## जयपुर में 40 कुंडीय महायज्ञ में 108 जोड़ों ने आहुति दी

**जयपुर।** हिन्द सिंध के महान संत युगपुरुष आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के पावन चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में साप्ताहिक जन्मोत्सव के शुभ शनिवार पर एक विशाल 40 कुंडीय यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस भव्य महायज्ञ में 108 जोड़ों ने सामूहिक रूप से आहुति देकर विश्व कल्याण की मंगल कामना की।

40 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव की महिमा पर प्रकाश डालते हुए पूज्य स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने बताया कि सनातन और सिंधी संस्कृति में 40 के अंक का विशेष महत्व है। चालीहा के दौरान 40 दिन तक निरंतर नाम जप, हवन-यज्ञ अनुष्ठान, व्रत-उपासना, परोपकार व सेवा कार्य और मंदिर दरबार के दर्शन करना विशेष रूप से फलदायी माना गया है। उन्होंने पौराणिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि आचार्य सतगुरू स्वामी टेऊँराम की माता कृष्ण देवी को भी 40 दिन की कठिन व्रत-उपासना के बाद ही आचार्य के रूप में दिव्य संतान की प्राप्ति हुई थी। महायज्ञ के दौरान 11 विद्वान पंडितों और वेदाचार्यों के मुख से निकले ओजस्वी मंत्रोच्चारण के बीच 40 मिनट तक आहुतियाँ डाली गईं। संतों के अनुसार, इस अनुष्ठान से वातावरण में गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परिवर्तन देखा गया। हवन कुंड से निकलने वाली ध्वनि तरंगें और औषधीययुक्त सुगंध ने मिलकर आसपास की वायु को शुद्ध और पवित्र किया, जिससे वहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं के मस्तिष्क और मन को असीम शांति व एकाग्रता मिली। संतों ने बताया कि प्राचीन काल में भी ऋषि-मुनियों द्वारा मौसम परिवर्तन, मनोकामना पूर्ति और विश्व कल्याण के लिए ऐसे ही यज्ञ अनुष्ठान किए जाते थे।

शनिवार सुबह 6 बजे से प्रारंभ हुए इस अनुष्ठान में एक अलौकिक दृश्य देखने को मिला।

# लोडिंग वाहन का पीछा कर लाखों की चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर।** पुलिस थाना गलता गेट ने लोडिंग वाहन का पीछा कर उसमें रखी नकदी चोरी करने वाली एक संगठित गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई राशि में से 4 लाख 51 हजार 100 रुपये बरामद कर लिए हैं तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई राशि में से 4 लाख 51 हजार 100 रुपये बरामद किये



पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 2 जून 2026 को वन विहार क्षेत्र में एक लोडिंग वाहन से 5 लाख 70 हजार 175 रुपये चोरी होने का मामला पुलिस थाना गलता गेट में दर्ज किया गया था। अज्ञात बदमाशों ने वाहन का पीछा कर चालक की अनुपस्थिति में नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।

इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक तथा सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पूनिया के नेतृत्व में थानाधिकारी धर्म सिंह की टीम का गठन किया गया। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर 11 जून को महेंद्र कुमार रैगर, राहुल जाटव और जतिन मनमानी उर्फ गंजू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और चोरी की गई नकदी बरामद की।

## मकान पर अवैध कब्जा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मकान के ताले तोड़कर अवैध कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी राहुल मीणा उर्फ दीपू मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब एक माह से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पर्यटन विभाग में एलडीसी के पद पर कार्यरत है तथा उसके खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास, अपहरण और रंगदारी मांगने सहित सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 11 मई 2026 को परिवादी शाहरुख कुरैशी ने ब्रह्मपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके खरीदशुदा मकान संख्या-9, गणेश कॉलोनी, आमेर रोड पर राहुल मीणा उर्फ दीपू मीणा ने ताले तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया। मामले पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

# एआई से होगी चालान डिफॉल्टरों की पहचान: जयपुर में स्मार्ट ट्रैफिक प्रवर्तन सिस्टम लॉन्च

## जयपुर ट्रैफिक पुलिस और ऑटोटेक कंपनी कार्स 24 ने संयुक्त रूप से व्हीकल अलर्ट एनफोर्समेंट सिस्टम लॉन्च किया

**जयपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने की दिशा में जयपुर ट्रैफिक पुलिस और ऑटोटेक कंपनी कार्स 24 ने संयुक्त रूप से एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित व्हीकल अलर्ट एनफोर्समेंट सिस्टम लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक प्रणाली रियल-टाइम इंटेलिजेंस और डेटा आधारित कार्रवाई के माध्यम से चालान डिफॉल्टरों तथा हाई-रिस्क वाहनों की पहचान कर पुलिस को त्वरित कार्रवाई में मदद करेगी।



कार्स 24 की सड़क सुरक्षा पहल क्रैश फ्री इंडिया के तहत शुरू की।

कार्स 24 की सड़क सुरक्षा पहल क्रैश फ्री इंडिया के तहत शुरू की गई यह परियोजना जयपुर के व्यस्ततम यातायात चौराहों में से एक रामबाग सर्किल पर स्थापित की गई है। सिस्टम में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन तकनीक का उपयोग किया गया है, जो वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन कर उन्हें चालान रिकॉर्ड और प्रवर्तन डेटाबेस से मिलान करती है।प्रारंभिक परीक्षण और वैलिडेशन के दौरान इस प्रणाली ने

- यह प्रणाली रियल-टाइम इंटेलिजेंस के माध्यम से चालान डिफॉल्टरों की पहचान कर पुलिस को त्वरित कार्रवाई में मदद करेगी

1,241 वाहनों की पहचान की, जो निर्धारित प्रवर्तन मानकों के दायरे में आए। इनमें एक चोरी का वाहन भी शामिल था। इसके अलावा कई ऐसे वाहन भी मिले जिन पर भारी संख्या में चालान लंबित थे।

# ARBiT
it happens here...

राष्ट्रदूत
SUNDAY
14 June 2026
A-B




## Celebrating Freshness: World Cucumber Day

Observed on June 14, World Cucumber Day celebrates one of the most refreshing and versatile vegetables enjoyed across cuisines. Known for its high water content and cooling properties, cucumber is a summer staple in salads, drinks, and skincare routines. Packed with antioxidants, vitamins, and hydration benefits, it supports digestion, skin health, and overall wellness. From classic cucumber sandwiches to infused detox water and raita, the humble cucumber proves that healthy eating can be simple and delicious. The day is a reminder to embrace fresh produce, stay hydrated, and add a crisp green crunch to everyday meals.

#FROM COCOON TO CLOTH

## Understanding Katan and Matka Silk

Katan silk is created from continuous filaments carefully reeled from intact cocoons. It produces an exceptionally smooth and lustrous yarn









Silk has long been admired for its elegance, softness, and natural sheen. Among the many varieties, mulberry silk holds a special place as the finest and most widely used type. Its origin lies in the tiny yet remarkable silkworm known as Bombyx mori. This silkworm feeds exclusively on mulberry leaves, which is why the silk it produces is called mulberry silk.

The process begins when the silkworm spins a cocoon around itself using a single, continuous filament of silk. Remarkably, one cocoon can yield a filament that stretches up to a mile in length. What happens next in processing determines the type of silk that is produced, most notably Katan silk and Matka silk.

### Katan Silk: The Art of Refinement

Katan silk is created from continuous filaments carefully reeled from intact cocoons. Since the filament remains unbroken, it produces an exceptionally smooth and lustrous yarn. However, before it can be woven, the silk undergoes a special treatment known as degumming. This process removes sericin, the natural gum that binds the fibers, enhancing the silk's softness and shine.

To make Katan silk strong and suitable for weaving, multiple filaments are twisted together to form a durable yarn. This technique gives Katan silk its characteristic strength, smooth texture, and luxurious finish. Often associated with fine textiles like Banarasi sarees, Katan silk represents precision, care, and high craftsmanship.

### Matka Silk: Beauty in Imperfection

In contrast, Matka silk is produced from non-continuous fibers, resulting in a completely different texture and appearance. This type of silk emerges in two main ways. First, when the moth naturally breaks out of the cocoon, the filament is cut into shorter lengths, making it impossible to reel a continuous thread. Second, during the production of Katan silk, some silk is left over as waste, these shorter, broken fibers are also used to create Matka silk.

Because it is spun rather than reeled, Matka silk has a slightly rough, uneven texture. It lacks the glossy smoothness of Katan silk but offers a raw, earthy charm that is highly valued in handloom traditions. Its matte finish and breathable quality make it popular for more casual and artistic fabrics.

### Two Silks, One Origin

Both Katan and Matka silk originate from the same source, mulberry silk produced by the Bombyx mori silkworm. Yet, their differences highlight how processing techniques shape the final fabric. Katan silk stands for refinement, continuity, and luxury, while Matka silk celebrates irregularity, sustainability, and texture. Together, they demonstrate that even from a single cocoon, diverse forms of beauty can emerge, each with its own story, character, and appeal.



# Twelve Hours from the Station PART:1



BAPJI WITH MAHARANI HEMLATA JI: BOOK LAUNCH at JLF.



UNVEILING THE BOOK.

Then, Gaj Singh II tells it himself, and the cinema turns into civic geography. His mother and the palace staff plan a reception at the railway station, but "some citizens on the committee" take over: "So, it became a city affair." The city insists he drive through the old city, stop first at Chamunda Mandir at the fort, then go to Rai-ka-bagh (where his grandmother lived), and only then reach Umaid Bhawan. "That whole thing took about 12 hours."



MAHARAJA HANWANT SINGH WITH THE INFANT GAJ SINGH.



SHIVRANJANI RAJYE: THE PROUD DAUGHTER WITH BAPJI'S BOOK.




Pushpendra Bhargava
(Owner of Jaipur Inn)


He names what that meant, without dramatics: from being "privileged citizens," they were "looked down upon." "The press, the media, and politics were all against us." And the sentence that makes the whole room feel suddenly contemporary: "There was no income… large properties to maintain a big staff and no regular income." Rima Hooja adds a sharp period detail: newspaper talk of "cycle polo" in Jodhpur instead of "proper polo," and even "Hathi Polo by the Tourism Department in Jaipur." The line has an edge: it's what happens when grandeur meets constraint and the world keeps watching anyway.

At JLF 2026, a Jodhpur homecoming story, a blunt line about de-recognition, and a Jaipur audience's questions made one thing clear: in Rajasthan, legacy survives by knowing when to stay closed and when to open.

### Bandh Muthi, Khuli Muthi

A proverb kept returning to me as the conversation unfolded in Jaipur: "Bandh muthi lakh ki, khuli muthi kakh ki." A closed fist is worth a fortune; an open hand is worth dust. Not because anyone on stage announced it as a thesis, but because the session kept circling the two instincts the proverb carries: discretion and dignity.

The book being unveiled, *Bapji: Maharaja of Marwar-Jodhpur: The King Who Would Be Man*, is, in one sense, about a public figure. But the most Jaipur-readable parts were the moments where the "royal story" behaved like an ordinary Rajasthan story: family decisions, political weather, money pressures, the city's stubborn love, and the daily question of who gets credit.

### The long way home

Aman Nath sketches the image first: when Bapji finally comes back, he "looks like Elvis Presley," long sideburns and all. Then, the practical pivot: he hears that there are "thousands of people waiting," so, he changes clothes and arrives "Rajasthani." It's cinematic and very specific.

Then, Gaj Singh II tells it himself, and the cinema turns into civic geography. His mother and the palace staff plan a reception at the railway station, but "some citizens on the committee" take over: "So, it became a city affair." The city insists that he drive through the old city, stop first at Chamunda Mandir at the fort, then go to Rai-ka-bagh (where his grandmother lived), and only then reach Umaid Bhawan. "That whole thing took about 12 hours."

If Rajasthan has a way of adopting people, this was it: a homecoming not managed by the palace, but by the city. The open hand here is not charity; it's belonging.

### The closed-fist years

When the talk turns to the 1970s, Gaj Singh's language loses ornament. He describes leaving university and driving overland with two friends in 1970 until a telegram from his mother reaches him in Tehran: "You have to come back because Mrs. Gandhi is getting very aggressive, and our future is at stake." He returns; in 1971, "we got de-recognised and everything turned around."

He names what that meant, without dramatics: from being "privileged citizens," they were "looked down upon." "The press, the media, and politics were all against us." And the sentence that makes the whole room feel suddenly contemporary: "There was no income… large properties to maintain a big staff and no regular income."

Rima Hooja adds a sharp period detail: newspaper talk of "cycle polo" in Jodhpur instead of "proper polo," and even "Hathi Polo by the Tourism Department in Jaipur." The line has an edge: it's what happens when grandeur meets constraint and the world keeps watching anyway.

### "No, no. I am not the Maharaja."

Just when the frame could slide into reverence, Gaj Singh interrupts it. Rima begins listing his roles, trustee work, water work, roads, diplomacy, Parliament and he cuts in: "No, no. I am not the Maharaja." He says it again. Then, he lands on the line that resets the room: "I'm the small man, in the corner of that book… I am just a little guy in the end."

This isn't only modesty. It's a definition of legitimacy that works in a democracy: not "I rule," but "I am responsible."

Aman Nath puts the intent of the title plainly: "So, the title of the book… says a king who would be man, actually contemporizes him… for Bapji, to turn that whole thing around as a common citizen of India is what the book is about."

Yogi Vaid follows with the human proof: "Because he's immensely popular. We have travelled with him to the interior. We went to Nagnechi Mata Temple, with Hemlata Rajyeji and Him and you can see it in the faces of the people. The warmth, the respect, and the adulation they have for him. We said we'll do something like this to bring out the man, not the king."

### The open hand: Credit, Caste, and Being "outside"

The audience questions bring the conversation down from book-scale to street-scale.

On public work and credit, Gaj Singh says plainly: "It does not matter what the government says. It's for the people." Then, he tells a small story from fieldwork: someone puts their own signs on their water bodies. His response is an entire philosophy in four words: "So, I let him."

On unity among royals (and how people came together in the de-recognition years), he describes "the Concord for Princes," a joint effort to fight in Parliament and courts and notes that it included everybody. In that telling, they "managed to win the crucial vote in Rajya Sabha," enough to block a constitutional amendment at that moment. Afterwards, he says, the society fell apart because what it was set up to do had not happened. Still, he insists, the connections remain, weddings, education, and a shared sense of territorial responsibility. "We also come together in education," he adds, pointing to Mayo College Ajmer and its patrons.

On caste, he begins by acknowledging pride in heritage, "We, as Rajputs, are very proud of our heritage…" and then pivots to what he says was his upbringing's rule: "I was always taught that the king has no caste." He anchors it in a door-scene in the Makkama Khas: a woman stands at the door with an application; the chaprasi says that she is a Harijan; his father's response is immediate: "No, that doesn't matter. Send her in." Then, comes the Rajasthan political question, asked in Hinglish: people have expectations from you "but not the power." Will the family participate in elections? Gaj Singh answers with a family ledger, his father's campaigning in Marwar, his mother contesting in 1971 as an independent and winning, his own two years in Rajya Sabha and then his conclusion: he found politics divisive. "So, I've decided that it's much better to do one's own things… work through foundations and NGOs and be above party politics… so that all people feel that they have an heir who is doing things and can come and meet one." In Jaipur, that line lands as both positioning and promise: authority without office, visibility without partisanship.

### A Jaipur flash, and a quiet ending

One line brings Jaipur into the marrow of it. In the middle of remembering the period's pressures, Gaj Singh blurts out: "THEY PUT THE MAHARAJA OF JAIPUR IN JAIL." It lands like a headline fragment, jagged, half memory, half warning, reminding the room that Rajasthan's royal histories are not separate compartments. They're braided.

And then a teacher from Mansarovar asks the kind of Jaipur question that sounds playful and is secretly serious: would he like to be born again as a royal, "in the present scenario or how is it?" His answer is precise: "I'd like to be born in the royal family in the next session, but not in the present scenario, like my grandfather, with the full powers to do things."

That is the proverb's tension spoken out loud: the desire for a closed-fist era of power, and the reality of an open-hand era of service. Jaipur heard it. Rajasthan will recognise it.

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com

On caste, he begins by acknowledging pride in heritage, "We, as Rajputs, are very proud of our heritage…" and then pivots to what he says was his upbringing's rule: "I was always taught that the king has no caste." He anchors it in a door-scene in the Makkama Khas: a woman stands at the door with an application; the chaprasi says that she is a Harijan; his father's response is immediate: "No, that doesn't matter. Send her in." Then, comes the Rajasthan political question, asked in Hinglish: people have expectations from you "but not the power." Will the family participate in elections?

## #THE BOOK



RAJMATA KRISHNA KUMARI WITH HER CHILDREN AND GRANDCHILDREN.



*BAPJI: THE KING WHO WOULD BE MAN* BOOK LAUNCH.



THE GLOW FROM THE SETTING SUN WASHES THE INVINCIBLE WALLS OF MEHRANGARH FORT AS THE CITY HUMDRUM BEGINS TO SETTLE BELOW. RUDYARD KIPLING DESCRIBED MEHRANGARH FORT AS "A PALACE THAT MIGHT HAVE BEEN BUILT BY TITANS AND COLOURED BY THE MORNING SUN."



AT THE DEGREE CEREMONY OF THE UNIVERSITY OF OXFORD, HELD IN THE SHELDONIAN THEATRE, BAPJI DONS AN 'INTELLECTUAL CROWN,' TO BE AWARDED THE MASTER'S DEGREE IN PHILOSOPHY, POLITICS AND ECONOMICS.



THE DISTINGUISHED FAMILY INCLUDING MAHARANI HEMLATA JI WITH SHIVRANJANI AND MAHARAJA SAWAI PADMANABH SINGH JI.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





बेहतर होता कि टीम संस्कृति पर खुलकर चर्चा की जाती और यह तय किया जाता कि आगे कैसे बढ़ना है। टेस्ट मैच जीतने के बाद आधी रात का कर्फ्यू लगा देना उचित नहीं है।

- ग्रीम स्वान

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर, बेन स्टोक्स को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**पुर्तगाल** के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का मानना है कि उनकी टीम को विश्व कप फुटबॉल के खिताब के बारे में सोचने की बजाय अच्छी शुरुआत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस 48 टीम के टूर्नामेंट में पुर्तगाल की टीम भी दावेदारों में शामिल है और 41 वर्षीय रोनाल्डो अपना छठा विश्व कप खेलेंगे, जो अर्जेंटीना के प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ सबसे अधिक विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड है। रोनाल्डो ने कहा, "अच्छी शुरुआत करना, पहले और दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करना और फिर ग्रुप में पहले स्थान पर रहना महत्वपूर्ण है।"

**क्या आप जानते हैं ?...** 2022 में कतर में हुए पिछले फीफा वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना ने फ्रांस को हराकर तीसरी बार खिताब जीता था।

## फोलारिन के दो गोल से अमेरिका ने पैराग्वे को 4-1 से हराया

### फीफा विश्व कप 2026



कैलिफोर्निया, 13 जून। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-डी मुकाबले में सह-मेजबान अमेरिका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पैराग्वे को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। कैलिफोर्निया के सोफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्ट्राइकर फोलारिन बलोगुन ने दो गोल दागकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

अमेरिका ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। पैराग्वे के मिडफील्डर डेमियन बोबाडिला ने गेंद को रोकने की कोशिश में गलती से अपने ही गोल में पहुंचा दिया, जिससे अमेरिका को शुरुआती बढ़त मिल गई। पहले गोल के बाद अमेरिकी टीम ने लगातार दबाव बनाए रखा। पैराग्वे की रक्षा पंक्ति अमेरिकी हमलों के सामने बिखरती नजर आई और इसका फायदा उठाते हुए फोलारिन बालोगुन ने पहले हाफ में दो गोल कर अमेरिका को 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरुआत में अमेरिका के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियन पुलिसिक को कोच मॉरिसियो पोचेटिनो ने आराम दिया। इसके बाद टीम अतिरिक्त गोल नहीं कर सकी, लेकिन मैच पर नियंत्रण बनाए रखा।

पैराग्वे की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी मॉरिसियो ने 74वें मिनट में एक गोल कर अंतर कम किया, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी। मैच के अंतिम क्षणों में जियोवानी रेयना ने चौथा गोल कर अमेरिका की 4-1 की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ अमेरिका अस्थायी रूप से ग्रुप-डी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। अब समूह का दूसरा मुकाबला तुर्किये और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा।

## बालोगुन अमेरिका की जीत के नायक, 96 साल में पहली बार हुआ ऐसा

कैलिफोर्निया, 13 जून। अमेरिका की जीत के हीरो फोलारिन बालोगुन रहे, जिन्होंने दो गोल दागे, वह इसी के साथ मेजबान टीम के नए हीरो बन गए हैं। बता दें, फोलारिन बालोगुन तीन में से किसी भी देश के लिए खेल सकते थे। लेकिन उन्होंने अमेरिका को चुना और अब विश्व कप फुटबॉल में पहले मैच में उन्होंने दो गोल करके अपनी टीम को पराग्वे पर 4-1 से शानदार जीत दिलाई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम की मौजूदगी में बालोगुन 1930 के बाद वर्ल्ड कप के किसी मैच में दो गोल करने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बन गए। उस समय बर्ट पटेनाउड ने पराग्वे के खिलाफ ही अमेरिका की 3-0 की जीत में तीनों गोल किए थे, जो वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली हैट्रिक थी। अमेरिका की विश्व कप में यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने इस टूर्नामेंट में कभी तीन से अधिक गोल नहीं किए थे। यही नहीं अमेरिकी टीम ने पहले हाफ में तीन गोल दागे जो विश्व कप में उसका रिकॉर्ड है।



## लारिन के देर से किये गोल ने कनाडा को हार से बचाया, बोस्निया से 1-1 की बराबरी

नई दिल्ली, 13 जून। विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में शुक्रवार को सह-मेजबान कनाडा ने आखिरी समय तक संघर्ष करते हुए बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेल लिया। मुकाबले में कनाडा लंबे समय तक हार की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन विकल्प खिलाड़ी के रूप में उतरे काइल लारिन ने टीम को अहम अंक दिला दिया। कनाडा इस मुकाबले में अपने कप्तान अल्फोंसो डेविस के बिना उतरा, जो हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। बोस्निया ने मैच के 21वें मिनट में बढ़त बनाई। कॉर्नर से आए गेंद पर जोवो लुकिच ने शानदार फिनिश करते हुए अंतरराष्ट्रीय करियर का अपना पहला गोल दागा और टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

दूसरे हाफ में कनाडा ने लगातार आक्रमण किए और 53वें मिनट में बराबरी का सुनहरा मौका मिला, लेकिन रिची लारिया का शॉट बोस्निया के डिफेंडर सीड कोलासिनाक ने गोल लाइन के पास शानदार तरीके से रोक दिया। इसके बाद कनाडा ने लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन गोल के सामने सटीकता की कमी दिखी और बोस्निया की टीम बढ़त बचाने में सफल नजर आने लगी। हालांकि 76वें मिनट में मैदान पर आए काइल लारिन ने मैच का रुख बदल दिया। मैदान में आने के तीन मिनट बाद ही उन्होंने बॉक्स के अंदर घूमकर जोरदार शॉट लगाया, जो डिफ्लेक्शन लेकर गोल में बदल गया और कनाडा ने 1-1 की बराबरी कर ली।

स्टॉपेज टाइम के अंतिम मिनटों में कनाडा के पास जीत का मौका भी आया। रिची लारिया ने गेंद लारिन तक पहुंचाई, लेकिन बोस्निया के डिफेंडर तारिक मुहरेमोविच ने शानदार बचाव करते हुए गोल नहीं होने दिया। इस ड्रॉ के साथ कनाडा ने विश्व कप अभियान की शुरुआत एक अंक के साथ की, जबकि बोस्निया जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी तीन अंक हासिल नहीं कर सका।

**कनाडा के साथ फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार हुआ ऐसा, जीत का खाता खुले बिना मिला पॉइंट -** कनाडा और बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच फीफा वर्ल्ड कप 2026 का तीसरा मैच खेला गया था। 1-1 से यह मैच ड्रॉ रहा और दोनों टीमों को अंक बांटने पड़े। इसी के साथ कनाडा ने फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में अपना पहला अंक अर्जित किया। जी हां, इससे पहले सह-मेजबान कनाडा ने 2 बार फीफा वर्ल्ड कप खेला, जिसमें उन्हें सभी 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। यह पहला मौका है जब कनाडा फीफा वर्ल्ड कप पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोल पाया है, यह उनके लिए एक ड्रीम स्टार्ट है। कनाडा ने इससे पहले 1986 और 2022 में दो वर्ल्ड कप खेले थे।

FIFA WORLD CUP 2026

### आज के मैच

**कतर बनाम स्विटजरलैंड**
सुबह 12.30 बजे

**ब्राजील बनाम मोरक्को**
सुबह 3.30 बजे

**हेती बनाम स्कॉटलैंड**
सुबह 6.30 बजे

**ऑस्ट्रेलिया बनाम तुर्की**
सुबह 9.30 बजे

**जर्मनी बनाम कुराकाओ**
सुबह 10.30 बजे

## महिला टी-20 विश्वकप 2026 : इंग्लैंड ने श्रीलंका को 87 रन से हराया

एजबेस्टन, 13 जून। महिला टी20 विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को शुक्रवार देर रात 87 रन से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। इंग्लैंड की जीत की सबसे बड़ी नायिका सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज रहीं, जिन्होंने 62 गेंदों में नाबाद 105 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। यह महिला टी20 विश्व कप इतिहास का केवल सातवां शतक रहा। एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 1 विकेट पर 219 रन बनाए, जो महिला टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर भी बन गया। इंग्लैंड की शुरुआत तेज रही। एमी जोन्स ने 38 गेंदों पर 53 रन बनाए जबकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने सिर्फ 22 गेंदों में 46 रन की तूफानी पारी खेली। वायट-हॉज और एमी जोन्स ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वायट-हॉज ने अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया तथा सिर्फ 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। अंतिम ओवरों में साइवर-ब्रंट और वायट-हॉज ने तेजी से रन बटोरे। आखिरी ओवर में इंग्लैंड ने 26 रन जोड़े और वायट-हॉज ने अपना शतक पूरा करते हुए टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। 220 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही 37 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। विश्मी गुणरत्ने, चमारी अथापथु और इमेशा दुलानी सस्ते में आउट हो गईं। इंग्लैंड की गेंदबाज फ्रेया केम्प ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर श्रीलंका की कमर तोड़ दी। शार्लेट डीन और सोफी एक्लेस्टोन ने दो-दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका की ओर से निलाक्षिका सिल्वा ने 33 गेंदों पर 39 रन बनाए, लेकिन टीम 20 ओवर में 132 रन ही बना सकी।

## भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया



हिमाचल प्रदेश धर्मशाला, 13 जून। भारत ने अफगानिस्तान को पहले वनडे में 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़ त बना ली। धर्मशाला में बारिश की वजह से 25-25 ओवर का मैच खेला गया। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की टीम 24.5 ओवर में 194 रन पर ऑलआउट हो गई। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 48 गेंदों में अपना नौवां वनडे शतक लगाया। उन्होंने 8 चौके और 8 छक्के की मदद से 102 रन की पारी खेली। 195 रन का पीछा कर रही भारत ने 22.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल ने 66 बॉल पर नाबाद 84 रन बनाए। केएल राहुल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा ईशान किशन ने 34 रन की पारी खेली।भारत की ओर से डेब्यू कर रहे हर्ष दुबे और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को 2-2 विकेट मिले। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ में खेला जाएगा।

भारत ने 13 बॉल रहते मैच अपने नाम कर लिया।23वें ओवर में गिल ने पहली गेंद पर चौका जड़ा, जबकि केएल राहुल ने दो चौके लगाए। अजमतुल्लाह उमरजई के इस ओवर में भारत ने 13 रन बटोरे और 22.5 ओवर में 195 रन तक पहुंचकर 7 विकेट से जीत दर्ज कर ली। भारत ने 22वें ओवर में मैच लगभग अपने नाम कर लिया। केएल राहुल ने जिया उर रहमान शरीफी के ओवर में 20 रन बटोर लिए। राहुल ने ओवर में दो छक्के और दो चौके लगाए और 16 गेंदों में 31 रन पर पहुंच गए। भारत का स्कोर 22 ओवर में 3 विकेट पर 182 रन हो गया। भारत जीत के करीब पहुंच चुका है। 21 ओवर के बाद टीम का स्कोर 3 विकेट पर 162 रन है। कप्तान शुभमन गिल 64 गेंदों में 79 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि केएल राहुल 10 गेंदों में 11 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। भारत को 18वें ओवर में तीसरा झटका लगा। श्रेयसने जिया उर रहमान शरीफी की ऑफ स्टंप के बाहर पी लेंथ गेंद पर अय्यर ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के अंदरूनी हिस्से पर लगी और सीधे मिड-ऑन पर खड़े मोहम्मद सलीम सफी के हाथों में चली गई।

## आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में भारत-पाक की भिड़ंत आज



नई दिल्ली, 13 जून। भारतीय टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतने वाली हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत की नजरें लगातार दूसरे आईसीसी खिताब पर लगी हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड भी बेहतरीन रहा है। भारत ने टी20 प्रारूप में पाकिस्तान के खिलाफ 13 मैच जीते जबकि तीन में पराजय का सामना किया है। पिछली बार 2024 में दुबई में टी20 विश्व कप में दोनों टीमों का सामना हुआ था जिसमें भारत छह विकेट से जीता था। उसके बाद से सफेद गेंद के क्रिकेट में भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता देखी गई है। भारत ने पहली बार वनडे पिश्व कप जीता और अब लगभग वही टीम टी20 खिताब के लिये जोर आजमाइश करेगी। टूर्नामेंट से पहले भारत ने आस्ट्रेलिया को 2 . 1 से और इंग्लैंड को 3 . 2 से हराया जबकि श्रीलंका पर 5 . 0 से जीत दर्ज की। उसे हालांकि दक्षिण अफ्रीका (4 . 1) और इंग्लैंड (2 . 1) ने उनकी धरती पर हुई श्रृंखलाओं में हराया। भारत के प्रदर्शन की कुंजी सलामी बल्लेबाजों मंधाना और शेफाली से मिलने वाली शुरूआत है।

हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की जो मध्यक्रम के लिये अच्छा संकेत है। जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष और भारती फुलमाली पर भी रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। पाकिस्तान के पास बायें हाथ की स्पिनर नशरा संधू के रूप में उम्दा गेंदबाज है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाये थे लेकिन उन्हें मौजूदा स्ट्राइक रेट 99 को बेहतर करना होगा। हरफनमौला दीप्ति शर्मा को बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देना होगा हालांकि पिचें उनकी आफ स्पिन गेंदबाजी के अनुकूल नहीं होंगी।

**टीमें : भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदनी शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्रेयांका पाटिल, राधा यादव **पाकिस्तान :** फातिमा सना (कप्तान), गुल फिरोजा, आयशा जफर, इरम जावेद, एमन फातिमा, आलिया रियाज, नतालिया परवेज, सायरा जुबीन, मुनीबा अली, तुबा हसन, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, नशरा संधू, डायना बेग, तस्मिया रूबाब। मैच का समय : शाम सात बजे से।

## ब्राजील को पहला झटका, नेमार मोरक्को के खिलाफ नहीं खेलेंगे



नई दिल्ली, 13 जून। ब्राज़ील के हेड कोच कार्लो एंसेलोटी ने कन्फर्म किया है कि स्टार फ़ॉरवर्ड नेमार, काफ़ इंजरी (पिंडली की चोट) के कारण मोरक्को के ख़िलाफ़ फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अपने पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। ब्राज़ील 14 जून को मेटलाइफ़ स्टेडियम में ग्रुप सी का अपना कैंपेन शुरू करेगा, लेकिन समय पर ठीक न हो पाने के कारण 34 साल के नेमार उपलब्ध नहीं होंगे। नेमार की स्थिति के बारे में बात करते हुए एंसेलोटी ने कहा कि फॉरवर्ड खिलाड़ी में सुधार हो रहा है और वह जल्द ही वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह जल्द से जल्द फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह अगले हफ़्ते पूरी ट्रेनिंग में लौट सकेंगे। टूर्नामेंट से पहले पिंडली में चोट लगने के कारण नेमार के पहले मैच में खेलने पर संदेह था। हालांकि अब उन्हें मोरक्को के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया है, लेकिन एंसेलोटी को उम्मीद है कि यह ब्राज़ीलियाई स्टार टीम के बाकी ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। ब्राज़ील 19 जून को हैती का सामना करेगा और उसके बाद 24 जून को ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में स्कॉटलैंड से भिड़ेगा। मोरक्को के खिलाफ यह मुकाबला दोनों देशों के बीच वर्ल्ड कप का सिर्फ़ दूसरा मैच होगा। इससे पहले वे 1998 फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में आमने-सामने आए थे, जिसमें ब्राज़ील ने 3-0 से जीत हासिल की थी; उस मैच में रोनाल्डो नाज़ारियो और रिवाल्डो ने अपने करियर का पहला वर्ल्ड कप गोल किया था।

## इंग्लैंड टीम का सामान ले उड़े चोर

नई दिल्ली, 13 जून। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से फीफा वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी कर रहे हैं। टूर्नामेंट में बदइंतजामी को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अब एक चौंकाने वाले मामला सामने आया है, जिसने अमेरिका की थू-थू करा दी है। दरअसल, इंग्लैंड फुटबॉल टीम का अमेरिका के कैनसस सिटी में सामान चोरी हो गया। चोर कुछ ट्रेनिंग इक्विपमेंट ले उड़े, जिसमें बूट और बॉल्स तक शामिल हैं। हालांकि, पुलिस एक्शन लेते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हेरी केन की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम को टूर्नामेंट में अपने पहला मैच में 17 जून को क्रोएशिया से भिड़ना है। इंग्लैंड के खिलाड़ी रविवार को कैनसस सिटी पहुंचेंगे। टीम के यहां से पहले ट्रेनिंग का सामान भेज दिया गया था। सामान जब ट्रेनिंग बेस पर ले जाया जा रहा था तो उसी दौरान वाहनों में चोरी हो गई।

## आरसीए वीमेन चयन कमेटी घोषित, भारती वर्मा चेयरपर्सन : डॉ. मोहित

जयपुर, 13 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव , सदस्य आशीष तिवाड़ी , धनञ्जय सिंह खींवसर , सुशील जैन , अरिष्ट सिंघवीने बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र के विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए वीमेन चयन कमेटी का गठन किया। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादवके अनुसार बीसीसीआई की विभिन्न आयुवर्ग की वीमेन प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियों के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य स्तरीय सीनियर, अंडर 23, अंडर 19 व अंडर 15 वीमेन प्रतियोगिताओं व गतिविधियों आयोजित की जाएँगी व प्रतियोगिताओं में खिलाडियों की प्रतिभा व प्रदर्शन को देखते हुए आरसीए वीमेन चयन कमेटी राजस्थान टीम के संभावतों का चयन करेंगी। एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी ने राजस्थान वीमेन चयन कमेटी के गठन हेतु राज्य की पूर्व खिलाडियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये थे जिसमे से चयन कमेटी का सदस्य बनने के सभी मापदंडो को पूर्ण करने वाली आवेदकों को पूर्ण पारदर्शी रूप से इंटरव्यू के लिए आरसीए द्वारा आमंत्रित किया था , सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आज आरसीए एडहॉक कमेटी ने सर्वसम्मति से बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट सत्र 2026 -27 के लिए राजस्थान वीमेन चयन कमेटी का गठन किया। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य सुशील जैनके अनुसार आरसीए वीमेन चयन कमेटी का चेयरपर्सन भारती वर्मा को बनाया गया है। भारती वर्मा ने इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

**राजस्थान वीमेन चयन कमेटी :-** चेयरपर्सन - भारती वर्मा, सदस्य - पूनम यादव, कोमल चौधरी, सम्पा मुखर्जी, सोफी सिद्दू।

## आरसीए एडहॉक कमेटी ने आज किया आरसीए के निर्माणाधीन चौप स्टेडियम का दौरा



जयपुर, 13 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव , सदस्य आशीष तिवाड़ीने आज दिल्ली बाईपास स्थित चौँपस्थित आरसीए के निर्माणाधीन नए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान आरसीए पिच क्यूरेटर तपोश चटर्जी , स्टेडियम निर्माण से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ मौजूद रहे ।

आरसीए एडहॉक कमेटी ने निरिक्षणके दौरान निर्माणाधीन स्टेडयम की वर्तमानस्थिति व उसके पूर्व में हो चुके निर्माण का निरिक्षण किया साथ ही निर्माणाधीन स्टेडियम के साइट प्लान व नक़्शे की जानकारी प्राप्त की।

संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार हमारी पूरी कमेटी का पूर्ण प्रयास है की राज्य के खेल प्रेमियों को एक उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को सौगात प्राप्त हो, जिसके लिए हम विशेष रूप से राज्य के माननीय मुख्य मंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में अगले 2 साल में आरसीए के नविन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को पूर्ण राज्य में खेल के विकास में अपना अहम् योगदान दे।

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ीके अनुसार एडहॉक कमेटी निर्माण को जल्द शुरू करने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है , आज हमने हमारे क्यूरेटर व स्टेडियम निर्माण का गहन अनुभवी विशेषज्ञों के साथ निर्माणाधीन स्टेडियम का निरिक्षण किया व महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए स्टेडियम के निर्माण को वापस शुरू कर आने वाले 2 वर्षों में आदरणीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में स्टेडियमका उद्धघाटन कर राज्य को ऐतिहासिक सौगात देंगे।

**राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के सुपर लीग मैच**

राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज से जयपुर में शुरू हुए राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के पहले दिन खेल गए मैचों का स्कोर :- जयपुर - उदयपुर जयपुर पहली पारी 208 आल आउट, उदयपुर के गेंदबाज मोहित जैन 34 /4, अनिरुद्ध सिंह 53 /4 व हर्षित दक 34 /2 विकेट

नागौर -सीकर नागौर पहली पारी 163 आल आउट सीकर के गेंदबाज हेमंत स्वामी 49 /4 , हिमांशु नेहरा 40 /3 , अभिषेक 29 /2 विकेट सीकर पहली पारी 59 /3, टीम के लिए भगवान्सिंह 19 /3 विकेट

जालोर - बीकानेर जालोर पहली पारी 192 आल आउट टीम के लिए आर्यन जैन 116 रन बीकानेर के गेंदबाज विशाल हर्ष 39 /4 , कन्हैया स्वामी 30/3 व विशाल 56 /2 विकेट, बीकानेर पहली पारी 37 /0

चूरू - करौली चूरू पहली पारी 89 आल आउट टीम के लिए सव्य गजराज 40 रन करौली के गेंदबाज अमन मीणा 16 /3 , अतर सिंह 21 /3 व जय गोयल 19 /2 विकेट करौली पहली पारी 151 /5, टीम के लिए अमित भारद्वाज 72 व जतिन शर्मा नाबाद 30 रन चूरू के गेंदबाज शुभम।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में हारी सिंधु, योमागुची ने रोका खिताबी अभियान



सिडनी, 13 जून। भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। शनिवार को खेले गए महिला एकल मुकाबले में उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची ने 22-20, 21-12 से हराया। मुकाबले की शुरुआत सिंधु ने दमदार अंदाज में की और पहले गेम के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी। हालांकि यामागुची ने लगातार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्यूस तक पहुंचाया और अंततः पहला गेम अपने नाम कर लिया। पहले गेम की जीत से मिली लय को जापानी खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी बरकरार रखा। सिंधु ने शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद यामागुची ने लगातार अंक जुटाते हुए 18-9 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। अंत में सिंधु का शॉट नेट में जाने के साथ मुकाबला समाप्त हुआ। सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू-यू को मात्र 27 मिनट में 21-6, 21-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज सिंधु की यह 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सत्र में दूसरी सेमीफाइनल उपस्थिति रही। इससे पहले वह जनवरी में मलेशिया ओपन के अंतिम चार तक पहुंची थीं। सिंधु इस टूर्नामेंट के जरिए सैयद मोदी इंटरनेशनल 2024 के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि खिताबी दौड़ यहीं समाप्त हो गई, लेकिन उनका सेमीफाइनल तक पहुंचना इस सत्र में उनकी बेहतर होती लय का संकेत माना जा रहा है।

## गुरु जसपाल राणा के निधन पर भावुक हुई मनु भाकर, कहा- अपूरणीय क्षति



नई दिल्ली, 13 जून। भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने अपने गुरु और मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन को खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षित बताया है। भारत के महान पिस्टल निशानेबाज और बाद में सफल कोच बने जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात निधन हो गया। अपने निधन के समय वह भारतीय पिस्टल शूटिंग टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्यरत थे। जसपाल राणा ने मनु भाकर के करियर को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके मार्गदर्शन में मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा था। अपने गुरु के निधन पर मनु ने सोशल मीडिया पर तीन तस्वीरें साझा करते हुए केवल दो शब्द लिखे- अपूरणीय क्षित। वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा बनीं मनु, जसपाल राणा के पार्थिव शरीर के शहर पहुंचने पर भी मौजूद रहीं। शुक्रवार शाम वह जसपाल राणा के पिता एनएस राणा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करती दिखाई दीं। जसपाल राणा का खिलाड़ी के रूप में करियर 15 वर्षों से अधिक समय तक चला। उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2006 एशियाई खेल शामिल रहे, जहां उन्होंने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उस समय के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## खोह नागोरियान अग्निकांडः अवैध पटाखा नेटवर्क के चेहरे बेनकाब

**जयपुर।** खोह नागोरियान क्षेत्र में नौ जून को हुए भीषण अग्निकांड में आठ लोगों की मौत के मामले में पुलिस जांच के दौरान लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को इस अवैध पटाखा कारोबार से जुड़े तीन मुख्य आरोपियों फिरोज, वसीम और अकील की तस्वीरें सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार ये तीनों अवैध पटाखा फैक्ट्रियों और बारूद कारोबार के प्रमुख संचालक हैं। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

खोह नागोरियान थानाधिकारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि मामले में अलग-अलग तथ्यों के आधार पर दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। मुख्य आरोपियों याकूब और कय्यूम को फरार होने में मदद करने के आरोप में सलमान कुरैशी को 12 जून को गिरफ्तार किया गया था, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।

जांच में सामने आया है कि दिल्ली निवासी आलम खान अवैध फैक्ट्री में मैनेजर की भूमिका निभा रहा था। वह अपने सहयोगी आसिफ कुरैशी के साथ पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। आरोप है कि दोनों नाबालिग बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को मामूली मजदूरी का लालच देकर बारूद के बीच काम करवाते थे। कई मजदूरों की उम्र 15 से 16 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि खोह नागोरियान क्षेत्र की अवैध फैक्ट्रियों में 150 से अधिक लोग कार्यरत थे।

# हर गरीब तक पहुंच रहा विकास का उज़ियारा : भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने '12 विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाहर कला केंद्र में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार उपस्थित रहे।**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जवाहर कला केंद्र में '12 विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' प्रदर्शनी का उद्घाटन कर उसका अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्षों में देश में सेवा, गरीब कल्याण, सुशासन के नए मानक स्थापित हुए हैं। केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर के व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित हुई है तथा इससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनी में सरकार द्वारा गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं सुशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों को आकर्षक एवं तथ्यपरक स्वरूप में दर्शाया गया है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# आरजीएचएस घोटाले में एसओजी ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया

## फर्जी रिपोर्टों के जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का खुलासा



**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े की जांच कर रही स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने संगठित नेटवर्क से जुड़े तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सरकारी डॉक्टरों, डायग्नोस्टिक सेंटर संचालकों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी ओपीडी पर्चियां, अनावश्यक जांचें और फर्जी रिपोर्टों के जरिए सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने का खुलासा हुआ है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की विशेष सतर्कता समिति और विभागीय ऑडिट में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर मामला एसओजी को सौंपा गया था। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर एसओजी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जहां जांच में सामने आया कि सीकर स्थित डॉ. विजय एंड बी लाल डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक दिवंगत डॉ. विजय मूंड ने एस.के. अस्पताल, सीकर के कुछ चिकित्सकों के साथ मिलकर फर्जीवाड़े का जाल बिछाया था। इनमें डॉ. कमल कुमार अग्रवाल उर्फ के.के. अग्रवाल, डॉ. गजराज सिंह, डॉ. सुनील ढ ाका, डॉ. राकेश चौधरी और डॉ. मुकेश वर्मा के नाम सामने आए हैं।

एसओजी के अनुसार डॉक्टरों द्वारा कई मामलों में मरीजों को बिना देखे या केवल कागजों पर परामर्श पर्चियां तैयार की जाती थीं। इन पर्चियों में अनावश्यक जांचें लिखी जाती थीं, जिनके आधार पर फर्जी जांच रिपोर्ट तैयार कर आरजीएचएस पोर्टल पर अपलोड की जाती थीं। बाद में इन्हीं रिपोर्टों के आधार पर राज्य सरकार से भुगतान उठाकर अवैध लाभ अर्जित किया जाता था।

इस मामले में मुख्य आरोपी लैब संचालक बनवारी लाल उर्फ बी लाल और चिकित्सक डॉ. कमल कुमार अग्रवाल को एसओजी पहले ही 4 मई 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

जांच आगे बढ़ाते हुए एसओजी ने 12 जून को तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें बजरंग सिंह (54) निवासी दादिया, सीकर, अरविंद कुमार शीला (35) निवासी बुगाला, झुंझुनूं, हाल निवासी अंबेडकर नगर, सीकर तथा विक्रम कल्याण (22) निवासी टोडपुरा, झुंझुनूं, हाल निवासी राधाकिशनपुरा, सीकर शामिल हैं।

जांच में सामने आया कि गिरफ्तार कर्मचारी आरजीएचएस लाभार्थियों के कार्ड नंबर एकत्रित करते थे और एस.के. अस्पताल से फर्जी परामर्श पर्चियां बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाते थे। इसके बाद डॉक्टरों से जांचें दर्ज करवाई जाती थीं और फर्जी रिपोर्टें तैयार कर आरजीएचएस पोर्टल पर अपलोड की जाती थीं।

शनिवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 16 जून 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड अवधि के दौरान एसओजी वित्तीय लेन-देन, फर्जी पर्चियों की प्रक्रिया और पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। महानिरीक्षक एसओजी अजय लांबा, उपमहानिरीक्षक भवन भूषण यादव तथा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के सुपरविजन में चल रही जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। एसओजी का कहना है कि मामले में शामिल अन्य डॉक्टरों, लैब संचालकों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# जूली की पहलः श्रीनगर में राजस्थान गेस्ट हाउस के लिए भूमि आवंटन का अनुरोध



**जन लेखा समिति ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम तथा विधानसभा सचिव मनोज कुमार पंडित से शिष्टाचार भेंट की।**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा की जन लेखा समिति ने अपने अध्ययन दौरे के दौरान शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम तथा विधानसभा सचिव मनोज कुमार पंडित से शिष्टाचार भेंट की।

समिति के सभापति टीकाराम जूली के नेतृत्व में हुए इस

- **जूली ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा द्वारा अपनाई जा रही संसदीय प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना भी की**

प्रतिनिधिमंडल में समिति सदस्य अर्जुन लाल जीनगर, चंद्रभान सिंह, अनिता भदेल, सुरेश चंद्र धाकड़ एवं विश्वनाथ शामिल थे। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा सचिवालय के उप सचिव सुशील कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। दोनों विधानसभाओं की समितियों की कार्यप्रणाली, वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने में जन लेखा समिति की भूमिका तथा संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की रचनात्मक भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कार्यप्रणाली एवं संसदीय परंपराओं की जानकारी प्राप्त की तथा अनुभवों का आदान-प्रदान किया। समिति के सभापति टीकाराम जूली ने इस अवसर पर श्रीनगर में राजस्थान से आने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए राजस्थान गेस्ट हाउस के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर आने वाले राजस्थान के नागरिकों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

जूली ने कहा कि विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के बीच संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा द्वारा अपनाई जा रही संसदीय प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं की सराहना भी की।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए दोनों राज्यों के बीच संसदीय सहयोग एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को लोकतांत्रिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ब्रह्मपुरी थाने में धरने पर बैठे

## कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर जताई नाराजगी

**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य शनिवार को ब्रह्मपुरी थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। विधायक ने भाजपा कार्यकर्ता राहुल मीणा उर्फ दीपू मीणा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर नाराजगी जताते हुए पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की।जानकारी के अनुसार मामला आमेर रोड स्थित गणेश कॉलोनी में एक मकान पर कथित अवैध कब्जे से जुड़ा है।

इस संबंध में मकान मालिक की शिकायत पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल मीणा उर्फ दीपू मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि आरोपी ने कथित रूप से मकान के ताले तोड़कर कब्जा किया था और उसके खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास, अपहरण और रंगदारी मांगने सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।इधर गिरफ्तारी के बाद विधायक बालमुकुंद आचार्य थाने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। धरने के दौरान विधायक और पुलिस अधिकारियों के बीच वार्ता का दौर भी चलता रहा।

घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया है कि यदि पुलिस ने शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की है तो किसी जनप्रतिनिधि द्वारा आरोपी के समर्थन में धरना देना उचित है या नहीं।

वहीं भाजपा समर्थकों का कहना है कि विधायक केवल निष्पक्ष जांच और कार्यकर्ता की बात सुनने की मांग को लेकर थाने पहुंचे हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला न्यायिक प्रक्रिया के तहत दर्ज किया गया है और जांच निष्पक्ष रूप से जारी है। फिलहाल पुलिस और विधायक के बीच बातचीत जारी है तथा मामले के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।


## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम मुकेश सिंह से बदलकर मुकेश सिंह राठौर रख लिया है भविष्य में मुझे मुकेश सिंह राठौर के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

मैंने अपना नाम हितेषी से बदलकर हितेषी बागरेचा पुत्री विनोद कुमार जैन रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें, पता-ए-21 कृष्णा नगर प्रथम, लालकोठी टोंक रोड, जयपुर।

मैं वेद प्रकाश सिंह से बदलकर वेद प्रकाश सिंह सिनसिनवार पुत्र श्री दयाल सिंह निवासी 13/333 मालवीय नगर, जयपुर (राजस्थान) 302017 रख लिया है। मेरे आधारकार्ड 605999381700 अन्य दस्तावेज में भी वेद प्रकाश सिंह सिनसिनवार ही है। दोनों नाम मेरे ही है।

मैं, प्रतीक सचदेवा निवासी डी-86, डी-ब्लॉक, वैशाली नगर, जयपुर-302021 अपनी नाबालिग पुत्री का नाम हर्षिता सचदेवा से बदलकर आयरा सचदेवा घोषित करता हूँ। इस संबंध में दिनांक 11 जून 2026 को शपथपत्र IN-RJ84380991265090Y निष्पादित किया गया है। भविष्य में वह सभी अभिलेखों एवं कार्यों में आयरा सचदेवा के नाम से जानी जाएगी।

I army no. 3182989H Ex NK Amar Chand S/o Bala Ram resident of plot no. 27 Pawan un near Vadji ka Choraha murlipura scheme jaipur that i want to change name of my dependent from SUNITA KUMARI TO SUNITA POONIA vide affidavit dated 1 jun 2026 before sub divisional magistrate Jaipur first Jaipur.

I, Santosh Jindal, S/o Late Laxmi Narain R/o Plot 151 Flat 301 Virasat Tulip Apartment, Mahaveer Nagar, Mansarovar, Jaiur-302020, declare that Santosh Agarwal, and Santosh Jindal are all my names and belong to one and the same person. In future, I shall be officially known only as Santosh Jindal.

I have changed my name from UNIT KUMAR TO PUNIT KUMAR MATHUR for all purposes R/o 94 Narayan vihar Block-R Shringarpura Mansarovar Jaipur.

## खोया पाया

मेरा एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड का ID कार्ड नंबर 251014793600736 मालवीय नगर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करें- दीपक कुमार सैनी 7878035712

### आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं, राकेश कुमार बैरवा, मेरे प्लॉट नं. 46, दर्शन सिटी-4, खेड़ी गोकुलपुरा, सांगानेर (जयपुर) के मूल दस्तावेज़ (जिसमें पार्वती देवी के नाम की मूल चेन रजिस्ट्री व राकेश कुमार के नाम की अंतिम रजिस्ट्री शामिल है) गुम हो गए हैं (एलआर नं. 3178280/2026)। उक्त दस्तावेजों के आधार पर किया गया कोई भी लेन-देन पूर्णतः अवैध व शून्य होगा। मिलने पर सम्पर्क करें:- 9351190931 पता: ग्राम नानावस, पोस्ट जीवद तहसील- बामनवास (सवाई माधोपुर)

## नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## सिंधी कैंप बस स्टैंड के सुलभ शौचालय में मिला शव

**जयपुर।** राजधानी के सबसे व्यस्त सिंधी कैंप बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय में शनिवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

शौचालय के भीतर शव पड़े होने के कारण वहां से तेज दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलने पर सिंधी कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे सुलभ शौचालय के ठेकेदार ने पुलिस को वॉशरूम के भीतर एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ।


### आम सूचना

मैं दिनेश कुमार पुत्र स्व. चंदा लाल जी उम्र 62 वर्ष निवासी चन्द्र महल गार्डन, तुलसीजी के पास, आगरा रोड, जयपुर सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूं कि मेरे दो पुत्र श्री रघु ब्याडवाल एवं नंदन ब्याडवाल है, मेरे उक्त दोनो पुत्र मेरे कहने एवं मेरे निर्देशन में नहीं है व पारिवारिक अनुशासन में भी नही है। मेरा एवं मेरी पत्नी श्रीमति सुनीता मीना का व अन्य परिवारजन का भी मान सम्मान नही रखते है अपनी-अपनी मनमर्जी करते है तथा स्वच्छंद जीवन यापन करते है। चन्द्र महल गार्डन मेरे द्वारा निर्मित सम्पति है। उक्त सम्पति का बन्दोबस्त किया जाना मेरा हक एवं निजी फैसला है अतः मैं दिनेश कुमार मेरे उक्त दोनो पुत्रों श्री रघु ब्याडवाल एवं नंदन ब्याडवाल को अपनी उक्त सम्पति चंद्र महल गार्डन के समस्त हक हकूक, अधिकार से वंचित करता हूं/बेदखल करता हूं। श्री रघु ब्याडवाल एवं नंदन ब्याडवाल पुत्रगण श्री दिनेश कुमार का उक्त सम्पति चंद्र महल गार्डन से भविष्य में किसी भी प्रकार से कोई सरोकार नही होगा। सर्वसाधारण को यह सूचित रहे। मैं स्वयं दिनेश कुमार पुत्र स्व. चन्दा लाल जी व मेरी पत्नि श्रीमति सुनीता मीना मेरे दोनो पुत्रों (रघु ब्याडवाल व नन्दन ब्याडवाल) से यदि कोई किसी भी प्रकार का कोई लेन देन करता है तो उसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

दिनांक 13.06.2026 दिनेश कुमार

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्रीमती विद्या वाधवानी पत्नी श्री महेश कुमार वाधवानी, जाति सिन्धी, निवासी 12/693-ए, धीया हॉस्पिटल के पास, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राज.) एक अचल सम्पति फ्लेट/मकान नम्बर 10/1017 (फर्स्ट फ्लोर), राजस्थान आवासन मण्डल की आवासीय योजना मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान जिसका कुल क्षेत्रफल 44.198 वर्गमीटर है जो कि उक्त फ्लेट सर्वप्रथम श्री नरेन अटवाल पुत्र स्व. श्री बी. हटवाल को रा.आ.म. द्वारा जरिये आवंटन पत्र क्रमांक 172 दिनांक 03.05.2000 के माध्यम से आवंटित किया गया था। जिसका कब्जा पत्र संख्या 934 दिनांक 21.08.2000 है जिसका कब्जा दिनांक 06.09.2000 को आवंटी ने रा.आ.म. से प्राप्त कर लिया। तत्पश्चात श्री नारायन हटवाल पुत्र स्व. श्री बी. हटवाल ने परपिच्युअल लीज एवं कन्वेन्स डीड नियमानुसार जारी करवा ली जिनका पंजीयन नियमानुसार कार्यालय उप-पंजीयक जयपुर-प्रथम के समक्ष प्रस्तुत कर करवा लिया जिसमे परपिच्युअल लीज का पंजीयन दिनांक 28.11.2025 को क्रम संख्या 202503015115905 पर पंजीबद्ध किया गया तथा कन्वेन्स डीड का पंजीयन दिनांक 28.11.2025 को क्रम संख्या 202503015115906 पर पंजीबद्ध किया गया तत्पश्चात श्री नारायन अटवाल पुत्र स्व. श्री बी. हटवाल ने उक्त वर्णित सम्पति उक्त फ्लेट को जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांकित 19.12.2025 से श्री हेमराज गोचर पुत्र श्री प्रहलाद को उपहार कर दी। उक्त उपहार पत्र का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम के यहां दिनांक 19.12.2025 को क्रम संख्या 202503015117078 पर पंजीबद्ध किया गया तत्पश्चात वाद श्री हेमराज गोचर पुत्र श्री प्रहलाद ने उक्त वर्णित सम्पति उक्त फ्लेट को जरिये रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांकित 27.05.2026 से श्रीमती सविता दयाल पत्नी श्री नारायन अटवाल को उपहार कर दिया उक्त उपहार पत्र का पंजीयन के यहां दिनांक 29.05.2026 को क्रम संख्या कार्यालय उप पंजीयक जयपुर 202603015106409 पर पंजीबद्ध किया गया इस प्रकार श्रीमती सविता दयाल पत्नी श्री नारायन हटवाल उक्त अचल सम्पत्ति की एकमात्र मालिक स्वामी एवं काबिज है उक्त अचल सम्पत्ति के मूल दस्तावेजो मे से मूल आवंटन पत्र, मूल डिमाण्ड लेटर, मूल सेक्शन डेज नोटिस कब्जे के बाबत, मूल सर्टिफिकेट फोर हैण्डिंग ओवर दी हाऊस एवं मूल अदेय प्रमाण पत्र कही खो गये है जिसके सम्बन्ध मे एक ऑनलाईन पुलिस रिपोर्ट दिनांक 08.06.2026 को करवाई गई थी जिसका एल.आर. नं. 3172810/2026 है तथा खोया पाया का प्रकाशन महानगर टाईम्स मे दिनांक 11.06.2026 करवाया गया है। उक्त श्रीमती सविता दयाल पत्नी श्री नारायन हटवाल, जाति दयाल, निवासी 16, सैकिण्ड फ्लोर, एन.आर.आई. कॉम्प्लेक्स, ठेटर कैलाश 4, अलकनंदा, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110019 हाल निवासी 10/1017, फर्स्ट फ्लोर, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राज.) से मेरी मुवक्किल श्रीमती विद्या वाधवानी पत्नी श्री महेश कुमार वाधवानी उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति फ्लेट/मकान नम्बर 10/1017 (फर्स्ट फ्लोर), जिसका कुल क्षेत्रफल 44.198 वर्गमीटर है को खरीद रही है इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि मे अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर-302017 मोबाईल 9829218044


# पतंजलि सिविल सेवा अकादमी "शंखनाद" का शुभारंभ



**योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की।**

**हरिद्वार।** पतंजलि ने भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत आईएएस, आईपीएस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के निर्माण के उद्देश्य से पतंजलि सिविल सेवा अकादमी के शुभारंभ (शंखनाद) की घोषणा की है। यह अभिनव पहल प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक प्रशासनिक आवश्यकताओं के समन्वय द्वारा भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी।

अकादमी का उद्देश्य केवल सफल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसे राष्ट्रिनष्ठ नागरिक तैयार करना भी है जो भारत माता की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें। इस दिशा में अकादमी एक करोड़ समर्पित नागरिकों के निर्माण का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने इस अकादमी को शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी योगदान बताते हुए कहा कि भारत संविधान से संचालित होता है, लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार अधिकारियों का चरित्र होता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा संसार का सबसे बड़ा रचनात्मक कार्य है क्योंकि यह व्यक्ति के मन, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करती है। अकादमी में "त्रि-शिक्षा" मॉडल अपनाया जाएगा, जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान, प्रशासनिक उत्कृष्टता और शैक्षिणक कठोरता का समन्वय होगा। यह मॉडल ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद की त्रिवेणी की तरह कार्य करेगा। अकादमी का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप "विरासत और विज्ञान" तथा "बोधि और शोध" के सिद्धांतों पर आधारित होगा। साथ ही योग एवं प्राणायाम के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मबल और मनोबल का विकास किया जाएगा, जो उच्च स्तर के प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन के लिए आवश्यक है। पूर्व आईएएस अधिकारी एवं शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय डॉ. एन. पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था अभी भी औपनिवेशिक सोच से प्रभावित है, जिसका मूल उद्देश्य शासन करना था, सेवा करना नहीं।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को "शासक" नहीं बल्कि "ट्रस्टी" अर्थात जनसेवक की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकादमी भारतीय संविधान की मूल भावना और भारतीय प्रशासनिक परंपराओं, विशेषकर शुक्रनीति के सिद्धांतों को आत्मसात कर अधिकारियों में कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और लोककल्याण की भावना विकसित करेगी।

अकादमी का नेतृत्व देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं सिविल सेवा मार्गदर्शक अवध ओझा करेंगे। पिछले 25 वर्षों में 1000 से अधिक आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों के निर्माण में योगदान देने वाले अवध ओझा अकादमी के प्रारंभिक एक माह के विशेष सत्र में इतिहास एवं प्रेरणा विषय पर मार्गदर्शन देंगे।अवध ओझा ने कहा कि अकादमी का लक्ष्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के विवेक को जागृत करना है।

## जुआ खेलते चार जुआरी गिरफ्तार

**जयपुर।** खोराबीसल थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान में पैसे का दांव लगाकर ताश खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41 हजार रुपये की जुआ राशि और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि खोराबीसल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि किशनपुरा खाल्डा स्थित राधे नगर प्रथम के एक मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां चार व्यक्ति पैसे का दांव लगाकर ताश खेलते हुए पाए गए। पुलिस ने राजवीर प्रजापति (31) निवासी भिंड, मध्य प्रदेश हाल निवासी निवारू जयपुर, राजू बंजारा (27) निवासी निवारू कच्ची बस्ती जयपुर, मुकेश वर्मा (37) निवासी किशनपुरा खाल्डा जयपुर और राजेंद्र वर्मा (24) निवासी गणेश वाटिका जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 41 हजार रुपये नकद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ राजस्थान पब्लिक गैंबलिंग ऑर्डिनेंस (आरपीजीओ) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अभिषेक स्वामी, कांस्टेबल रामसिंह, शीशराम, सुरेश, प्रेमचंद, गुरुदयाल, विकास, चालक कांस्टेबल मुकेश, सुनील तथा महिला कांस्टेबल सरिता शामिल रहे।

## पत्नी और प्रेमी ने मिलकर पति को मौत के घाट उतारा

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि त्रिवेणी नगर निवासी महेश जाटव की हत्या के मामले में उसके चाचा मांगीलाल की रिपोर्ट पर शिप्रापथ थाने में हत्या का मामला दर्ज किया।


### कार्यालय विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति सेवर

क्रमांक-121 दिनांक-12.06.2026

**खुली ई-निविदा संख्या 03/2026-27**

पंचायत समिति सेवर अधीन घुश्यारी ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत फर्म/संवेदक/सप्लायर्स से दिनांक 31.03.2027 तक के लिये ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर 15.06.2026 से 29.06.2026 तक देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO. ZBH2627A0179, UBN NO. ZBH2627GLOB00339

विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति सेवर

### हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

साधारण प्रारूप
व्यवहार प्रकिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि.
(पूर्व) जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर
रामस्वरूप व अन्य विरूद्ध अपोलो गृह निर्माण सहकारी समिति लि. व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र Restoration
प्रार्थना पत्र संख्या 44 सन् 2025

1. नाम अपोलो गृहनिर्माण सहकारी समिति जरिये अध्यक्ष कार्यालय प्लॉट नं. 25 व 25-ए, नारायण निवास दयाल नगर, गोपालपुरा बाईपास जयपुर
2. नाम अपोलो गृहनिर्माण सहकारी समिति जरिये सचिव कार्यालय प्लॉट नं. 25 व 25-ए, नारायण निवास दयाल नगर, गोपालपुरा बाईपास जयपुर
3. नाम भूरा पुत्र स्व. श्री हरदेव आयु 70 वर्ष जाति गुर्जर पता : डी-677, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
4. नाम घासी पुत्र श्री धोकल आयु 67 वर्ष, जाति गुर्जर, पता : डी-667, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
5. नाम रामनारायण पुत्र श्री धोकल, आयु 65 वर्ष जाति गुर्जर पता : डी-663, जगदम्बा नगर-डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
6. नाम लक्ष्मीनारायण, पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता : डी -664 जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
7. नाम मांगी लाल पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता: डी-666, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
8. नाम गोपाल पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता : डी 662, जगदम्बा नगर - डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
9. नाम : छोटू पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर, पता : डी 665, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
10. नाम शंकर पुत्र श्री रामनाथ जाति गुर्जर पता : डी 223, जगदम्बा नगर, डी, गिरधारीपुरा, जयपुर

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह 07 सन् 2026 को प्रातः10:30 पुर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे ता उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। नकल सलग्न नही है। यह आज दिनांक 06 माह 06 सन 2026 को मेर हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से
दिनांक रीडर
मोहर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्व) जयपुर महानगर प्रथम

### हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

साधारण प्रारूप
व्यवहार प्रकिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि.
(पूर्व) जयपुर महानगर प्रथम, जयपुर
रामस्वरूप व अन्य विरूद्ध अपोलो गृह निर्माण सहकारी समिति लि. व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र Restoration
प्रार्थना पत्र संख्या 43 सन् 2025

1. नाम अपोलो गृहनिर्माण सहकारी समिति जरिये अध्यक्ष कार्यालय प्लॉट नं. 25 व 25-ए, नारायण निवास दयाल नगर, गोपालपुरा बाईपास जयपुर
2. नाम अपोलो गृहनिर्माण सहकारी समिति जरिये सचिव कार्यालय प्लॉट नं. 25 व 25-ए, नारायण निवास दयाल नगर, गोपालपुरा बाईपास जयपुर
3. नाम भूरा पुत्र स्व. श्री हरदेव आयु 70 वर्ष जाति गुर्जर पता : डी-677, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
4. नाम घासी पुत्र श्री धोकल आयु 67 वर्ष, जाति गुर्जर, पता : डी-667, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
5. नाम रामनारायण पुत्र श्री धोकल, आयु 65 वर्ष जाति गुर्जर पता : डी-663, जगदम्बा नगर-डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
6. नाम लक्ष्मीनारायण, पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता : डी -664 जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
7. नाम मांगी लाल पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता: डी-666, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
8. नाम गोपाल पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर पता : डी 662, जगदम्बा नगर - डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
9. नाम : छोटू पुत्र श्री धोकल जाति गुर्जर, पता : डी 665, जगदम्बा नगर डी, गिरधारीपुरा, जयपुर
10. नाम शंकर पुत्र श्री रामनाथ जाति गुर्जर पता : डी 223, जगदम्बा नगर, डी, गिरधारीपुरा, जयपुर

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह 07 सन् 2026 को प्रातः10:30 पुर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे ता उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। नकल सलग्न नही है। यह आज दिनांक 06 माह 06 सन 2026 को मेर हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से
दिनांक रीडर
मोहर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्व) जयपुर महानगर प्रथम

### कार्यालय पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांकः पं.सं.सै./लेखा/ईनि./सु.मा./2026/26 निविदा सूचना 06/2026-27 दिनांक 08.06.2026

पंचायत समिति सैपऊ की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा कार्मिकों को उपलब्ध कराने हेतु जॉब बेसिस आधार पर आपूर्ति हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड सुरक्षा सेवाप्रदाता एजेन्सीयों से अनुमानित राशि 40 लाख हेतु ऑनलाइन ई-निविदायें दिनांक 2606.2026 समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका यूबीएन नम्बर ZDH2627 SLRC00225-है। निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं RISL की राशि सम्बंधित बजट मय या डीडी /बैंकर चैक/बैंक गारण्टी के रूप में पंचायत समिति सैपऊ में जमा करना आवश्यक होगा। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in ,एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान
पंचायत समिति सैपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सैपऊ


# राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर डॉ. सतीश पूनिया का अभिनंदन

**जयपुर।** शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य संरक्षक डॉ. सतीश पूनिया के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें दुपट्टा एवं गुलाब का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।

समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि डॉ. पूनिया की प्रेरणा एवं निर्देशानुसार महंगे उपहार देने के स्थान पर सामाजिक कार्यों में सहयोग को प्राथमिकता देते हुए उनके नाम से गौशाला में 11 हजार रुपए की सहयोग राशि जमा कर रसीद भेंट की गई।कार्यक्रम के दौरान आगामी 2 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले 19वें 251 सामूहिक पार्थिव शिवलिंग महारुद्राभिषेक महोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि इस मौके पर समिति के संरक्षक कैलाश भारद्वाज एवं उमेश साबू, संयोजक अर्जुन सिंह राठौड़, अध्यक्ष सुरेश शास्त्री,वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष श्रीराम कोडिया, गोपाल मोदी, चेतन कुमावत, राजेश कंदोई एवं रवि सैनी, मंत्री श्याम बाबू गुप्ता, जतिन बाहेती, अनिल सोनी, निलेश चौधरी, सुधाकर पुरोहित, कपिल महर्षि, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खंडेलवाल सहित बालकिशन शर्मा, सुनील टांक, सुरेंद्र नरूका एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री की पहलों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे- भजनलाल

## उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी विज़न से शासन, विकास व जन कल्याण के नये प्रतिमान बने

जयपुर, 13 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और लोक कल्याण को समर्पित गौरवशाली 12 वर्ष का कार्यकाल के पूर्ण होने पर शनिवार को मीडिया से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे लम्बे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने की असाधारण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मीडिया संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले यूपीए सरकार में हमारा देश भ्रष्टाचार, महंगाई, आतंकवाद, नक्सलवाद, नीतिगत अव्यवस्था और खराब आर्थिक हालात जैसी अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। ऐसे समय पर प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी संभाली और देश को इन चुनौतियों से बाहर निकाला तथा अपने दूरदर्शी विजन से 12 वर्षों में शासन, विकास और जनकल्याण के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन की सुविधा मिली और 60 करोड़ से अधिक गरीबों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज का भरोसा। प्रधानमंत्री की इन्हीं पहलों की बदौलत 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से उबर पाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा शक्ति को भारत की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल के पूर्ण होने पर मीडिया से संवाद किया।*

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान के हर जिले में 12 से 20 जून तक जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें चिकित्सा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, महिला व बाल विकास से संबंधित सेवाएं एक छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में 12 जून से 20 जून तक हर जिले में जन कल्याण शिविरों का आयोजन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास से संबंधित सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ राजस्थान में भी बदलाव दिखाई दे रहा है। प्रदेश में युवाओं को पेपर लीक जैसी समस्याओं से राहत मिली है। केन्द्र और राज्य सरकार का लक्ष्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है। इस दौरान "12 साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के" अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेन्द्र सैनी, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, विधायक एवं प्रवक्ता कुलदीप धनकड सहित, भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध कोयला खदान में दम घुटने से चार की मौत

रामगढ़, 13 जून। रामगढ़ जिले के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अरगड्डा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जंगल क्षेत्र में बने एक अवैध कोयला मुहाने (चाल) में फंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना अरगड्डा पुराने माइंस के सामने स्थित चपरी गांव के काजू बागान क्षेत्र में हुई। शनिवार को पुलिस और माइंस रेस्क्यू टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर चारों मजदूरों के शव बाहर निकाले। मृतकों की पहचान किशोर, आशीष, देवा और डब्बू के रूप में हुई है। सभी मजदूर अवैध रूप से कोयला निकालने के लिए खदाननुमा मुहाने में उतरे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अंदर ऑक्सीजन की भारी कमी होने के कारण उनका दम घुट गया और वे बाहर नहीं निकल सके।

- **पुलिस और माइन्स रेस्क्यू टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर चारों मजदूरों के शव बाहर निकाले।**

घटना की सूचना मिलने के बाद, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, कुज्जू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित, पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद माइंस रेस्क्यू की 12 सदस्यीय टीम को बचाव अभियान में लगाया गया। काफी मशक्कत के बाद सभी शवों को बाहर निकाला गया।

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर अभी भी भारी सस्पैंस

## एक अमेरिकन अधिकारी ने कहा, डील होने की संभावना 75 से बढ़कर 80 से 85 प्रतिशत पहुंच गई है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 जून। अमेरिका-ईरान शांति समझौते को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। वॉशिंगटन के एक अधिकारी ने कहा है कि समझौते तक पहुंचने को लेकर उनका भरोसा 75 प्रतिशत से बढ़कर 80-85 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, तेहरान की ओर से परमाणु भंडार, फ्रीज़ की गई संपत्ति और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज़ जैसे प्रमुख मुद्दों पर सहमति को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं।

- **नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अमेरिकन अफसर ने कहा कि संभावित समझौता हालांकि पूरा नहीं बना है, पर, उस पर अगले कुछ दिनों में हस्ताक्षर हो सकते हैं, लेकिन जगह अभी तय नहीं है।**
- **समझौते में सबसे बड़ा अवरोध ईरान की शर्तें हैं, वह न केवल परमाणु कार्यक्रम को चालू रखना चाहता है, बल्कि फ्रीज़ संपत्ति की वापसी, होर्मुज़ स्ट्रेट पर आंशिक नियंत्रण भी चाहता है।**

नाम न बताने की शर्त पर एक अमेरिकी अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि ईरान के साथ संभावित समझौते की रूपरेखा पर "अगले कुछ दिनों" में हस्ताक्षर होने की संभावना है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि समझौता अभी पूरी तरह तैयार नहीं हुआ है। हस्ताक्षर की तारीख या स्थान अभी स्पष्ट नहीं है। अधिकारी ने कहा कि ईरान में अंदरूनी फैसले लेने की प्रक्रिया "बहुत जटिल" है।

वाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, "यह समझौता असल में बहुत सीधा-सादा है। यह उन मुख्य उद्देश्यों को पूरा करता है, जिन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस मिशन के लिए निर्धारित किया था और अंत में जो हमें बहुत मजबूत स्थिति में पहुंचाते हैं। सबसे पहले, इससे जलडमरूमध्य फिर से खुल जाएगा और नाकाबंदी समाप्त होगी। दूसरा, इससे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त किया जाएगा। तीसरा, इससे अमेरिका को समृद्ध परमाणु सामग्री प्राप्त होगी। हमने यह व्यवस्था की है कि इस सामग्री को वहीं नष्ट किया जाएगा और उसके बाद देश से बाहर ले जाया जाएगा।"

ईरान को तुरंत आर्थिक लाभ मिलने की खबरों को खारिज करते हुए अधिकारी ने कहा कि मैमोरैन्डम ऑफ अण्डरस्टैण्डिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर होते ही तेहरान को कोई भुगतान नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, "मैंने लोगों को यह कहते सुना है कि एमओयू पर हस्ताक्षर के साथ ईरान को 12 अरब डॉलर, 1 अरब डॉलर या 6 अरब डॉलर मिलेंगे। यह पूरी तरह गलत है। एमओयू पर हस्ताक्षर होते ही या केवल बातचीत के आधार पर ईरान को कुछ नहीं मिलेगा।"

अधिकारी ने आगे कहा, "ईरान को जो आर्थिक लाभ मिलेगा, वह समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियाँ पूरी करने का आर्थिक इनाम है। इसलिए अगर वह वादे के मुताबिक परमाणु सामग्री सौंपता है, तो उसे कुछ लाभ मिलेगा। यदि वह अपने परमाणु कार्यक्रम या परमाणु सुविधाओं को समाप्त करता है, तो उसे अतिरिक्त लाभ मिलेगा। और यदि वह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता दिखाता है, तो उसे इसके अलावा भी और लाभ मिल सकते हैं।"

हालांकि इस प्रस्तावित समझौते को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में पेश किया जा रहा है, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार, ईरानी पक्ष का कहना है कि यह समझौता केवल 60 दिनों के युद्धविराम की व्यवस्था करेगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और तेहरान की फ्रीज़ की गई सम्पत्ति को लेकर एक और दौर की बातचीत होगी।

# ममता बनर्जी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हो गया है कि उनकी पत्नी, जो एक निर्वाचित विधायक हैं, भी ऋतबृत बनर्जी के नेतृत्व वाले राज्य स्तरीय बागी गुट में शामिल हो जाएंगी। इससे विद्रोही विधायकों की कुल संख्या 80 तृणमूल विधायकों में से 65 तक पहुंच जाएगी।

दूसरी ओर, अभिषेक बनर्जी के खिलाफ आलोचना का स्वर लगातार तेज होता जा रहा है। अब आलोचनाएं उनके निजी सचिव सुमित रॉय पर भी केन्द्रित हो गई हैं। पुलिस सुमित रॉय की तलाश कर रही है, जिन पर संदेह है कि वे अभिषेक बनर्जी के घर में छिपे हुए थे।

सालबोनी में जमीन हड़पने के मामले की जांच के सिलसिले में सालबोनी पुलिस थाने की एक टीम रात दो बजे सीधे अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची। पुलिस टीम को घर में प्रवेश पाने से पहले चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

आशंका है कि सुमित रॉय की गिरफ्तारी और पूछताछ से अभिषेक के कामकाज से जुड़े कई राज सामने आ सकते हैं। जानकार सूत्रों का मानना है कि पर्दे के पीछे के सभी सौदों को सुमित रॉय ही संभालते थे। यहां तक कि पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता कुणाल घोष ने भी कहा कि पुलिस को सुमित रॉय की भूमिका और गतिविधियों की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

सुमित रॉय का नाम गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस नेता सुजॉय हाजरा ने लिया था। जमीन पर कब्जा करने और जमीन के प्लॉट के गलत इस्तेमाल के सिलसिले में सुमित और सुजॉय के बीच कई करोड़ रुपयों का लेन-देन होने की बात कही जा रही है। अब लगभग हर नेता सुमित रॉय की भूमिका पर खुलकर बोल रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि पुलिस टीम के पहुंचने के कुछ ही समय बाद ममता बनर्जी भी अभिषेक बनर्जी के घर पहुँची थीं।

# असम के जोरहाट में वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 5 जवान शहीद

## भारतीय वायु सेना का एएन 32 परिवहन विमान लैंडिंग करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया

जोरहाट (असम), 13 जून। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) का एक एएन-32 परिवहन विमान शुक्रवार को असम के जोरहाट स्थित रौरिया एयरफोर्स स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वायु सेना के पांच कर्मी शहीद हो गये। विमान लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई।

- **भारतीय वायु सेना ने घटना की पुष्टि की और हादसे की जांच के आदेश दिए।**

भारतीय वायु सेना की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारतीय वायु सेना को असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में अपने पांच कर्मियों के निधन पर गहरा दुख है। हादसे में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेन्द्र शर्मा, अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीर वायु दानिश आलम ने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। भारतीय वायु सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पोस्ट में घटना पर दुख जताया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद एयरबेस क्षेत्र में आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देखा गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान वायुसेना की 43वीं स्क्वाड्रन से संबंधित था और नियमित सैन्य उड़ान पर था। विमान का उपयोग सैन्य सामग्री और रसद के परिवहन के लिए किया जाता है। भारतीय वायुसेना ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि जोरहाट में एक एएन-32 विमान दुर्घटना का शिकार हुआ है।

# परीक्षा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है, जो एनटीए की विभिन्न परीक्षाओं, विशेषकर नीट (यूजी), के संचालन में शामिल रहते हैं। इस कार्यक्रम को परीक्षा से जुड़े अधिकारियों की क्षमता को मजबूत करने और ऑफ़लाइन, पेन-और-पेपर आधारित परीक्षाओं को सुचारू, सुरक्षित और स्टैंडर्ड तरीके से आयोजित करने के लिए बनाया गया है।

कार्यक्रम में परीक्षा प्रक्रिया के पूरे चक्र को शामिल करते हुए चार मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। पहले मॉड्यूल में निष्पक्षता, पारदर्शिता और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में परीक्षा कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। दूसरे मॉड्यूल में परीक्षा पूर्व तैयारियों, परीक्षा केंद्रों की तत्परता, सुरक्षा व्यवस्था और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के पालन से जुड़े पहलुओं को शामिल किया गया है।

# विश्व रिकॉर्ड के लिये आज ऑन लाइन योग सत्र होगा

नई दिल्ली, 13 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आयुष मंत्रालय रविवार को विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय और हबिल्ड हेल्थ टेक द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन एक साथ ऑनलाइन योग सत्र का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक लोग 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सऐप के माध्यम से ऑनलाइन सत्र का लिंक भेजा जाएगा।

- **इस सत्र का आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिये आयुष मंत्रालय आयोजित कर रहा है।**

इसके साथ ही मंत्रालय ने वेबसाइट का लिंक भी जारी करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से भाग लेने की अपील की। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच पर साझा किए अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आयुष मंत्रालय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान मिलकर एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। एक साथ सबसे अधिक लोग ऑनलाइन योग सत्र में भाग लेने के इस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयास का हिस्सा बनेंगे।

# 'अब भारत दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही नष्ट कर देगा'

- **रक्षा अनुसंघन एवं विकास संगठन ने मल्टी लेपर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस का सफल परीक्षण किया**

नई दिल्ली, 13 जून। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और समुद्री खतरों से निपटने के लिए कई अत्याधुनिक तकनीकों का सफल परीक्षण किया है। 10 और 11 जून को किए गए लगातार तीन परीक्षणों में भारत की मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली ने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया।

जिससे भारत अब इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) श्रेणी के खतरों को भी हवा में मार गिराने में सक्षम हो गया है। इसके साथ ही, भारत दुनिया के उन चुनिंदा एलीट देशों की कतार में शामिल हो गया है। जिनके पास ऑपरेशनल स्तर की मिसाइल रक्षा क्षमता है। इस उपलब्धि के कारण अब भारत दुश्मन की बैलिस्टिक मिलाइलों को को भी हवा में ही नष्ट कर देगा।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 10 और 11 जून, 2026 को लगातार तीन फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

टेस्ट के दौरान, इंटरसेप्टर ने अपने टारगेट को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। इससे एडवांस्ड और नई टेक्नोलॉजी से बने लेयर्ड डिफेंस सिस्टम की असरदार क्षमता साबित हुई, जिसे बदलते मिसाइल खतरों का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है।

बीएमडी के सफल टेस्ट के अलावा, नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का पहला फ्लाइट टेस्ट भी सफलतापूर्वक किया गया। यह भारत की समुद्री स्ट्राइक और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

डीआरडीओ और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में यह उड़ान परीक्षण संपन्न हुआ। डीआरडीओ के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह ने इस पूरी प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की और इसमें शामिल सभी टीमों के तालमेल को सराहा।

# उपेन्द्र कुशवाहा फिर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष बने

नई दिल्ली, 13 जून। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है।

शनिवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अधिवेशन एवं सांगठनिक चुनाव कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पार्टी के संस्थापक एवं वरिष्ठ नेता उपेन्द्र कुशवाहा को आगामी कार्यकाल 2026-29 के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

# मोदी का आज से यूरोप दौरा

नई दिल्ली, 13 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की छह दिवसीय महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा शनिवार से शुरू हो गई है। उनकी यह यात्रा 18 जून को पूरी होगी।

- **6 दिवसीय दौरे में प्र.मंत्री फ्रांस व स्लोवाकिया जाएंगे।**

अपनी रवानगी से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रा के मुख्य उद्देश्यों और कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए एक्स पर लिखा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक गणराज्य के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर वे इस यात्रा पर जा रहे हैं।

फ्रांस की इस यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत के रणनीतिक विज़न में फ्रांस का खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला था। अब हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।"

उन्होंने बताया कि 14 जून को वह और राष्ट्रपति मैक्रों संयुक्त रूप से भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष के तहत होने वाला यह आयोजन भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों से जोड़ेगा।

# ले.जनरल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रेगिस्तानी इलाके में एक आर्म्ड रेजिमेंट, पश्चिमी थिएटर में एक आर्म्ड ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद-विरोधी फोर्स की कमान शामिल है। लेफ्टिनेंट जनरल के तौर पर उन्होंने भारतीय सेना के प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन में से एक सुदर्शन चक्र कॉर्प्स की कमान संभाली। इसके बाद उन्होंने दिल्ली एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर काम किया।

# एमएनआईटी, जयपुर पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था, जबकि अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023 थी। उसके प्रवेश पुस्तिका (नियम 4.6 और 4.7) के अनुसार, अंतिम तिथि के बाद फीस वापस नहीं की जा सकती, केवल 15,000 रुपये की कॉशन मनी ही लौटाई जा सकती है। संस्थान का कहना था कि सीट खाली रह जाने से उसे आर्थिक नुकसान होगा।

आयोग ने सबसे पहले यह जांच की कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत यह शिकायत सुनवाई योग्य है या नहीं, क्योंकि संस्थान ने आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया था।

आयोग ने पाया कि शिकायतकर्ता ने कोई कक्षा अटैन्ड नहीं की थी, भौतिक पंजीकरण पूरा नहीं किया था और शैक्षिणक सत्र शुरू होने से पहले ही प्रवेश वापस ले लिया था।

आयोग ने स्पष्ट किया कि यह विवाद शैक्षिणक मानकों से संबंधित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक नियमों के तहत अनुचित रूप से धन रोककर रखने से जुड़ा है।

आयोग ने कहा कि जब कोई शैक्षिणक सेवा प्रदान ही नहीं की गई और छात्रा ने सीट पर वास्तविक रूप से कब्जा भी नहीं किया, इस स्थिति में पूरी फीस रोककर रखना अनुचित ट्रेड प्रैक्टिस और प्रशासनिक कमी माना जाएगा।

आयोग ने यूजीसी दिशानिर्देशों से छूट मिलने संबंधी संस्थान के दावे को भी खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत में उच्च शिक्षा का सर्वोच्च नियामक निकाय है और उसके निर्देश सभी संस्थानों पर समान रूप से लागू होते हैं।

शैक्षिणक वर्ष 2023-24 के लिए यूजीसी ने एक अनिवार्य सार्वजनिक सूचना जारी कर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को 30 सितंबर 2023 तक किए गए प्रवेश निस्तीकरण (कैन्सिलेशन) पर पूरी फीस वापस करने का निर्देश दिया था।

चूंकि शिकायतकर्ता ने 1 अगस्त 2023 को प्रवेश वापस लेने का आवेदन किया था, इसलिए उसका अनुरोध निर्धारित समय सीमा के भीतर था।

आयोग ने आगे कहा कि छात्रों को आर्थिक शोषण से बचाने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय नियामक दिशानिर्देशों को किसी संस्थान के आंतरिक नियम या प्रॉस्पेक्टस की शर्तें निरस्त नहीं कर सकतीं।

आयोग ने सीट खाली रहने से आर्थिक नुकसान होने संबंधी संस्थान के तर्क को भी अस्वीकार कर दिया। आयोग ने कहा कि भौतिक उपस्थिति और पंजीकरण की प्रक्रिया 1 अगस्त 2023 को होनी थी, जबकि कक्षाएं 7 अगस्त 2023 से शुरू होनी थीं।

इसका अर्थ है कि खाली सीट भरने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध था। आयोग ने यह भी कहा कि प्रतिष्ठित संस्थानों में सामान्यतः लंबी प्रतीक्षा सूची होती है, लेकिन संस्थान यह दिखाने में विफल रहा कि उसने सीट भरने के लिए कोई प्रयास किया था।

आयोग ने संस्थान को सेवा में कमी और अनुचित ट्रेड प्रैक्टिस का दोषी ठहराया। उसने संस्थान को आदेश दिया कि वह आदेश प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर 94,315 रुपये की पूरी राशि वापस करे। यदि संस्थान आदेश का पालन नहीं करता, तो उसे शिकायत दायर होने की तारीख से लेकर पूरी राशि चुकाने तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

इसके अतिरिक्त, संस्थान को मानसिक उत्पीडन के लिए 10,000 रुपये तथा मुकदमेबाजी के खर्च के लिए 15,000 रुपये का भुगतान भी करना होगा।

# नाबालिग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं आया, जिससे उसकी विश्वसनीयता पर संदेह किया जा सके।

विशेष लोक अभियोजक कमलेश शर्मा ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 6 नवंबर, 2022 को शाहपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया कि रात को अभियुक्त अमित उसकी बेटी से दुष्कर्म कर रहा था, जिसे मौके पर परिजनों ने पकड़ लिया था। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस को पता चला कि दूसरे अभियुक्त ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि घटना के कुछ माह पहले कपड़ों की दुकान के ट्रायल रूम में अभियुक्त ने उसका वीडियो बनाया था, जिसे सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जा रहा था। दूसरी ओर बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि पीड़ित पक्ष ने वसूली के लिए मामला दर्ज कराया है। पहले भी पीड़ित पक्ष ने एक पॉक्सो का मामला दर्ज कराया था। जिसमे राजीनामा कर लिया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्तों को सजा सुनाई है।

# राम मंदिर दान घोटाले की जांच एसआईटी करेगी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया

अयोध्या, 13 जून। श्री राम मंदिर के दानपात्र से हुई सात करोड़ की कथित चोरी (घोटाले) के मामले में अब सरकार की एंट्री हो गई है। योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है, जिसमें आईएएस विजय विश्वास पंत और आईपीएस किरन एस समेत, एक अन्य अधिकारी शामिल हैं। एसआईटी मामले की जांच कर 15 दिन में रिपोर्ट देगी।

- **गत कुछ दिनों से राम मंदिर के चढ़ावे में से सात करोड़ रु. की चोरी की खबरें चल रही है।**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 13 जून को दानपात्र से चोरी की बात को अफवाह बताते हुए पूरे मामले की जांच एसआईटी से कराने का अनुरोध सीएम योगी आदित्यनाथ से किया था। ट्रस्ट की ओर से कहा गया था कि राम मंदिर के कथित चंदा घोटाले को लेकर सीएम मामले की जांच कराएं, इसके बाद सरकार की ओर से एसआईटी बना दी गई। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा घोटाला की जाँच विजय विश्वास पंत, आईएएस, मंडलायुक्त लखनऊ, किरन एस, आईपीएस, आईजी रेंज, नील रतन, विशेष सचिव, वित्त विभाग करेंगे। सरकार की ओर से कथित चढ़ावा घोटाले की जांच के लिए एसआईटी को 15 दिन का समय दिया गया है। एसआईटी को मामले की जांच कर प्रारंभिक रिपोर्ट सात दिन में सौंपनी होगी। इसके बाद 15 दिन में फाइनल रिपोर्ट देनी होगी, जिससे यह साफ हो जाएगा कि क्या मंदिर में आए चढ़ावे से चोरी हुई है।

दरअसल, अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में सात करोड़ की चोरी की खबरें कुछ दिन पहले सामने आई थीं। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरा था, जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया। अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इसे लेकर सवाल उठाए। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर इसे लेकर गंभीर आरोप लगे। ऐसे में अब सरकार ने मामले की जाँच कराने का फैसला लिया है।

# 'एयर बैग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाहन की सुरक्षा और गुणवत्ता में कमी को दर्शाता है, जिसके लिए वाहन निर्माता कंपनी जिम्मेदार है। परिजनों ने परिवाद में कहा कि 4 मार्च 2025 को दिल्ली-जयपुर रोड पर प्रीति कार से जयपुर आ रही थी। उसके साथ में उसका मित्र गौरव भी था। रात 9:40 बजे, चंदवाजी के पास घाटवाड़ा पुलिया के पास वाहन असंतुलित हो गया और सामने बने डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस दौरान कार के एयरबैग नहीं खुले, प्रीति शर्मा को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा, वाहन में बैठे दोनों लोगों ने सीट बेल्ट लगाई हुई थी। ऐसी स्थिति में वाहन के एयरबैग खुलने चाहिए थे, लेकिन एयरबैग नहीं खुले। इसलिए उन्हें विपक्षी कंपनी सहित अन्य पक्षकारों से क्षतिपूर्ति दिलवाई जाए।

# आबकारी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्राप्त करने वाले व्यक्ति की वरीयता के सम्बन्ध में पेचीदगियां उत्पन्न हो सकती हैं, क्योंकि 01 जून को जारी किए गए आदेश अधिकारियों के अधिकार, पदोन्नति व सेवा शर्तों को स्पष्ट नहीं कर रहे हैं व वर्तमान में कार्यरत नियमों के विरूद्ध हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में

# सशक्त-समृद्ध-सुरक्षित भारत

## नई दिशा में बढ़ता राजस्थान



**राष्ट्र-प्रथम ही मंत्र**

**लोक सेवा ही संकल्प**

**राष्ट्र-निर्माण ही मिशन**

**विरासत भी विकास भी**

**सशक्तीकरण ही सामर्थ्य**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जनकल्याण, सुशासन और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच का माध्यम बनाया। गरीब कल्याण, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तीकरण, किसान सम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे क्षेत्रों में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दी है।

इन 12 वर्षों में राजस्थान ने भी विकास की नई गति प्राप्त की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश आज ऊर्जा, निवेश, जल प्रबंधन, सड़क, पर्यटन और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय ने राजस्थान की वर्षों पुरानी चुनौतियों को अवसरों में बदलने का कार्य किया है।

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी, जयपुर मेट्रो फेज-2, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना, रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान की उपलब्धियां इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं।




### राजस्थान 12 राष्ट्रीय कार्यक्रमों योजनाओं में देश में प्रथम स्थान

1. **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना :** **18 करोड़** पॉलिसियां खरीफ 2025 में तथा **1.71 करोड़** पॉलिसियां रबी 2025-26 में
2. **पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-A):** अक्षय एवं सौर ऊर्जा स्थापना में
3. **पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-C):** सौरकृत फीडरों की संख्या के आधार पर
4. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025** 62,915 स्थलों पर 85 लाख प्रतिभागी
5. **अंगदान एवं प्रत्यारोपण :** वर्ष 2025 में राष्ट्रीय पुरस्कार व प्रथम स्थान।
6. **SBM (G)- स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025:** लक्षित इकाइयों के रूपांतरण में प्रथम।
7. **फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024:** देश के 10,443 कार्यक्रमों में से 6,202 केवल राजस्थान में
8. **विकसित भारत संकल्प यात्राः** 11,209 कैंप, 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन
9. **जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरणः** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट
10. तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु WHO द्वारा विशेष **तम्बाकू निषेध अवार्ड** 2026
11. खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन
12. पोषण पखवाड़ा 2026 गतिविधियों में प्रथम स्थान



**विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**

**यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि राजस्थान, "विकसित भारत" की परिकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।**

**राजस्थान में अब प्रति व्यक्ति आय**

**₹2,02,349**

**सकल राज्य घरेलू उत्पाद वृद्धि दर**

**10.24 प्रतिशत**





### सौर ऊर्जा में अव्वल : ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल

राजस्थान आज सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ ऊर्जा विजन से प्रदेश में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को नई गति मिली है। भड़ला सोलर पार्क विश्व के सबसे बड़े सौर ऊर्जा पार्कों में शामिल है। राजस्थान की विशाल रेगिस्तानी भूमि सौर ऊर्जा उत्पादन की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। सौर ऊर्जा के विस्तार से रोजगार, निवेश और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। यह विकसित भारत की ऊर्जा जरूरतों में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान यात्राएं : विकास को मिली नई गति

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की राजस्थान यात्राओं के दौरान प्रदेश को कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। इन यात्राओं में ऊर्जा, सड़क, जल, उद्योग और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की क्षमता को पहचानते हुए निवेश और विकास को नई दिशा दी है। रिफाइनरी, मेट्रो, ऊर्जा परियोजनाओं और अन्य योजनाओं से प्रदेश के विकास को गति मिली है। केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से राजस्थान विकसित भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।









### राजस्थान में सेमीकंडक्टर उद्योग : नए रोजगार की संभावनाएं

देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राजस्थान में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में काम हो रहा है। राजस्थान में नई तकनीक आधारित उद्योगों के आने से युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ेंगे। सेमीकंडक्टर क्षेत्र भविष्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यह पहल राजस्थान को आधुनिक उद्योगों के नक्शे पर मजबूत स्थान दिलाएगी।

### राजस्थान रिफाइनरी : औद्योगिक विकास की नई पहचान

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को मिली सबसे बड़ी विकास सौगातों में पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना प्रमुख है। लगभग 79,459 करोड़ रुपये की यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। 9 मिलियन मीट्रिक टन क्षमता वाली यह रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल उद्योगों के विस्तार का आधार बनेगी। इससे बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालौर और जोधपुर क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना राजस्थान को ऊर्जा और उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





### रामजल सेतु : राजस्थान की जल सुरक्षा का नया अध्याय

राजस्थान जैसे जल संकट वाले प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता मिली है। रामजल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जल आवश्यकताओं को पूरा करने वाली ऐतिहासिक पहल है। चंबल नदी पर बन रहा यह प्रोजेक्ट 17 जिलों के लगभग 3.25 करोड़ लोगों को पेयजल और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। लगभग 2,330 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 2,280 मीटर लंबा रामजल सेतु राजस्थान के जल भविष्य को मजबूत करेगा। यह परियोजना किसानों और आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।

### जयपुर मेट्रो फेज-2 : आधुनिक राजस्थान की रफ्तार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान में आधुनिक परिवहन व्यवस्था को नई गति मिली है। जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना राजधानी के विकास को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 13,037 करोड़ रुपये की यह परियोजना जयपुर शहर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगी। 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर और 36 स्टेशनों वाली यह मेट्रो व्यवस्था यातायात को सुगम बनाएगी। यह पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक शहरी विकास का प्रतीक बनेगी।





### यमुना जल समझौता : शेखावाटी के किसानों के लिए बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान के जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में ऐतिहासिक पहल हुई है। यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिलों को बड़ा लाभ मिलेगा। दशकों पुरानी जल समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे लगभग तीन लाख किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता राजस्थान के किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम है।